RNI .NO. MPBIL / 2013/ 54381

संपादकः- डॉ. देवेन्द्र मालवीय

11 वर्ष

# दैनिक सद्भावना पाती

...प्राणियों में सद्भावना हो...

www.sadbhawnapaati.com Email: sadbhawnapaatinews@gmail.com इंदौर, शुक्रवार ● 15 मार्च , 2024 वर्ष-11 अंक - 317 मूल्य -1 रु. कुल पृष्ठ - 8


# आखिर प्रमुख सचिव सुखवीर सिंह ने क्यों अनदेखी की 225 करोड़ के ठेके में आपत्ति



गौरव चतुर्वेदी

**इंदौर।** मध्यप्रदेश के वरिष्ठ आईएएस अफसर सुखवीर सिंह ने 225 करोड़ के ठेके में आपत्ति को अनदेखा कर दिया। सूत्रों के अनुसार आपत्ति को जानबूझकर अनदेखा किया गया। आपत्ति प्राप्त होते ही एक ही दिन में ठेकेदार और लोक निर्माण विभाग के बीच अनुबंध का दबाव भी बना डाला।

मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय में इन दिनों इंदौर के पीपल्या हाना में बन रहे जिला कोर्ट की बिल्डिंग को लेकर मामला विचाराधीन है। कुछ दिन पूर्व ÷ दैनिक सदभावना पाती ÷ ने ÷न्याय के मंदिर की नींव में ही कर गए घोटाला ÷ शीर्षक से खबर प्रकाशित की थी। जिसमें गड़बड़ियों को लेकर पूरा ब्यौरा था। निविदा में दूसरे नंबर पर रही कल्याण टोल इंफ्रास्ट्रक्चर प्रा लि ने कोर्ट बिल्डिंग का निर्माण कार्य कर रही आर्कन पॉवर इंफ्रा इंडियन प्राइवेट लिमिटेड को ठेका हथियाने में गलत दस्तावेज प्रस्तुत करने का आरोप लगाया है। टेंडर स्वीकृत होते ही लोक निर्माण विभाग के तत्कालीन प्रमुख सचिव सुखवीर सिंह के समक्ष 23/09/2023 को गड़बड़ियों का विस्तृत ब्यौरा देते हुए आपत्ति दर्ज कराई थी। इसी दिन प्रमुख सचिव से लेकर इंदौर कार्यालय तक अनुबंध कराए जाने का निर्देश पहुंच गया। हालांकि अनुबंध पंद्रह दिन बाद कराया गया। लोक निर्माण विभाग के निचले स्तर के अधिकारियों पर इस हद तक दबाव बनाया गया कि लोक निर्माण विभाग के प्रदीप कुमार सक्सेना ने अवकाश के दिन अनुबंध करा डाला। इस मामले को लेकर लोक निर्माण विभाग के अधिकारी कुछ भी कहने से बच रहे हैं।




10:58 Ias Sukhvee...

Today

Kind attention Mr.sukhveer singh ji

सर नमस्कार
इंदौर में पीपल्या हाना में बन रहे न्यायालय भवन के टेंडर में गड़बड़ी को लेकर मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय की जबलपुर पीठ में प्रकरण विचाराधीन है। इस मामले में आर्कन पॉवर इंफ्रा इंडियन प्रायवेट लिमिटेड पर गलत दस्तावेज प्रस्तुत कर टेंडर प्राप्त करने का आरोप लगाया गया है। इस टेंडर प्रक्रिया में हुई गड़बड़ी को लेकर इंदौर की कल्याण टोल इंफ्रास्ट्रक्चर प्रा लि ने एक शिकायत आपके समक्ष प्रस्तुत की थी। जिसके बावजूद गड़बड़ी करने वाली कंपनी का एग्रीमेंट पी डब्ल्यू डी विभाग द्वारा करवा दिया गया। आप तत्कालीन विभागीय प्रमुख सचिव थे। कार्यवाही नहीं होने की वजह बताने का कष्ट करें ताकि आपका पक्ष समाचार के साथ दे सकूं।
धन्यवाद
गौरव चतुर्वेदी
खबर नेशन

Message



10:59 Ias Sukhvee...

में प्रकरण विचाराधीन है। इस मामले में आर्कन पॉवर इंफ्रा इंडियन प्रायवेट लिमिटेड पर गलत दस्तावेज प्रस्तुत कर टेंडर प्राप्त करने का आरोप लगाया गया है। इस टेंडर प्रक्रिया में हुई गड़बड़ी को लेकर इंदौर की कल्याण टोल इंफ्रास्ट्रक्चर प्रा लि ने एक शिकायत आपके समक्ष प्रस्तुत की थी। जिसके बावजूद गड़बड़ी करने वाली कंपनी का एग्रीमेंट पी डब्ल्यू डी विभाग द्वारा करवा दिया गया। आप तत्कालीन विभागीय प्रमुख सचिव थे। कार्यवाही नहीं होने की वजह बताने का कष्ट करें ताकि आपका पक्ष समाचार के साथ दे सकूं।
धन्यवाद
गौरव चतुर्वेदी
खबर नेशन

09:40

अनुबंध प्रक्रिया शासन स्तर से क्रियान्वित नहीं होती है, यह विभागअध्यक्ष और मुख्यअभियंता स्तर का कार्य है । न मुझे इस शिकायत के बारे में कोई जानकारी है ।

10:02

Pls ask current post holders

10:02

Message

शासकीय प्रक्रिया के अनुसार 100 करोड़ से ऊपर के टेंडर मंत्री स्तर पर अनुमोदित किए जाते हैं। मंत्री के अनुमोदन के पूर्व टेंडर समिति की बैठक का अप्रूवल लिया जाता है। जिसके सदस्य विभाग के प्रमुख सचिव होते हैं। इस नाते भी जब गड़बड़ियों को लेकर आपत्ति लोक निर्माण विभाग के प्रमुख सचिव सुखवीर सिंह के समक्ष पहुंच चुकी थी तो फिर इसे रोका क्यों नहीं गया। आपत्ति और अनुबंध के बीच समय अंतराल भी पर्याप्त रहा। ऐसे में लोक निर्माण विभाग के प्रमुख सचिव सुखबीर सिंह की भूमिका संदेहास्पद प्रतीत होती है।

सूत्रों का कहना है कि आर्कन पॉवर इंफ्रा इंडियन प्रा लिमिटेड कंपनी गुजरात की है और इस ठेके को दिलाने गुजरात के किसी नेता ने सिफारिश की थी। बता दें कि शिवराज सिंह चौहान की सरकार के कार्यकाल में मध्यप्रदेश के निर्माणकर्ताओं और सप्लायरों को गुजरात लॉबी के दबाव में काम दिया जाता था।

जब इस बारे में लोक निर्माण विभाग के तत्कालीन प्रमुख सचिव रहे आय ए एस अधिकारी सुखवीर सिंह से उनका पक्ष जानना चाहा तो उन्होंने बताया कि अनुबंध प्रक्रिया शासन स्तर से क्रियान्वित नहीं होती है। यह विभागअध्यक्ष और मुख्य अभियंता स्तर का कार्य है । न मुझे इस शिकायत के बारे में कोई जानकारी है। उन्होंने यह भी कहा कि इस बारे में आप वर्तमान में पदस्थ अधिकारी से पूछिए।

पंजाब में कांग्रेस को फिर लगा तगड़ा झटका

## परनीत कौर ने थामा बीजेपी का दामन पटियाला से लड़ेंगी लोकसभा चुनाव!





**चंडीगढ़ (एजेंसी)।** पंजाब में कांग्रेस को बड़ा झटका लगा है। कैप्टन अमरिंदर सिंह के बाद पंजाब की पटियाला से चार बार कांग्रेस की सांसद रहीं उनकी पत्नी परनीत कौर ने कांग्रेस का दामन छोड़ बीजेपी का हाथ थाम लिया है। परनीत कौर पिछले 25 वर्षों से पटियाला लोकसभा सीट से चुनाव लड़ती आ रही हैं। परनीत कौर को बीजेपी इसी सीट से उम्मीदवार बना सकती है। इतिहास में पहली बार बीजेपी पटियाला सीट से चुनाव लड़ेगी। परनीत कौर की उम्र 79 वर्ष है, लेकिन उनके लिए भाजपा 75 से अधिक उम्र के प्रत्याशी को चुनाव मैदान में नहीं उतारने की अपनी नीति में भी ढील दे सकती है। बीजेपी में शामिल होने के बाद परनीत कौर ने कहा कि मैं आज बीजेपी में शामिल हो रही हूं। पिछले 25 साल से मैंने लोकतंत्र के लिए काम किया है।

एक देश एक चुनाव

## रामनाथ कोविंद कमेटी ने राष्ट्रपति को सौंपी रिपोर्ट

### इसमें 18 हजार पेज, 2029 में एकसाथ चुनाव कराने की सिफारिश

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** वन नेशन वन इलेक्शन पर विचार के लिए बनाई गई पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद की अध्यक्षता वाली कमेटी ने गुरुवार को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को अपनी रिपोर्ट सौंप दी। यह 18,626 पन्नों की है। इसमें कहा गया है पैनल का गठन 2 सितंबर 2023 को किया गया था। यह रिपोर्ट स्टेकहोल्डर्स-एक्सपर्ट्स से चर्चा के बाद 191 दिन की रिसर्च का नतीजा है। रिपोर्ट में यह भी बताया गया है कि एक देश-एक चुनाव पर 47 राजनीतिक दलों ने कमेटी को अपनी राय दी। इनमें से 32 ने पक्ष में और 15 ने विपक्ष में मत रखा है। सभी राज्य विधानसभाओं का कार्यकाल अगले लोकसभा चुनाव यानी 2029 तक बढ़ाया जाए। हंग हाउस, नो कॉन्फिडेंस मोशन होने पर बाकी 5 साल के कार्यकाल के लिए नए सिरे से चुनाव कराए जा सकते हैं। पहले फेज में लोकसभा-विधानसभा चुनाव एकसाथ कराए जा सकते हैं।



## दो नए चुनाव आयुक्तों की हुई नियुक्ति, नेता प्रतिपक्ष ने जताई आपत्ति

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता वाली कमेटी ने गुरुवार को चुनाव आयोग में रिक्त 2 आयुक्तों की नियुक्ति की। लोकसभा चुनाव से पहले सुखबीर सिंह संधू और ज्ञानेश कुमार की चुनाव आयुक्त के तौर पर नियुक्ति कई मायनों में अहम है। नव नियुक्त चुनाव आयुक्त वरिष्ठ आईएएस अधिकारी रह चुके हैं। दोनों की मोदी सरकार की अहम योजनाओं को अमल में लाने की महती भूमिका रही है. एक आयुक्त जम्मू- कश्मीर से अनुच्छेद 370 हटाने के मिशन में शामिल रहे। वहीं दूसरे आयुक्त ने उत्तराखंड में समान नागरिक संहिता लागू करने में अहम भूमिका निभाई।

### हाई लेवल कमेटी ने की नियुक्ति

प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में जिस कमेटी ने नए चुनाव आयुक्तों का चयन किया, उसमें संसद में विपक्ष के नेता अधीर रंजन चौधरी और एक कैबिनेट मंत्री शामिल थे। अधीर रंजन ने इस नियुक्ति पर अपनी आपत्ति दर्ज कराई है। उन्होंने कहा कि चयन से ठीक दस मिनट पहले उन्हें दस नामों की सूची प्रदान की गई थी।

संक्षिप्त समाचार

## एक्सीडेंटः लग्जरी कार के उड़े परखच्चे

### श्रीलंका के क्रिकेटर लाहिरू थिरिमाने की हालत गंभीर



नई दिल्ली (एजेंसी)। श्रीलंका की क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान लाहिरू थिरिमाने का श्रीलंका के अनुराधापुर शहर के पास गुरुवार सुबह एक गंभीर दुर्घटना में घायल हो गए। उनकी गाड़ी सामने से आ रहे एक मिनी ट्रक से टकरा गई थी। उन्हें अनुराधापुर टीचिंग हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया है। उनकी चोट कितनी गंभीर है, अभी पता नहीं चला है, लेकिन उनकी हालत फिलहाल स्थिर है।

## सरकार के खिलाफ दिल्ली में किसानों की महापंचायत खत्म

**गाजियाबाद/मेरठ (एजेंसी)।** दिल्ली के रामलीला मैदान में गुरुवार को किसानों की महापंचायत हुई। यूपी, हरियाणा और पंजाब से किसान दिल्ली के रामलीला मैदान पहुंचे। किसानों के दिल्ली की तरफ मूवमेंट को देखते हुए गाजीपुर बार्डर पर 3 कंपनी तैनात की गई थी। दिल्ली जाते हुए जगह-जगह किसानों को पुलिस ने रोका। मेरठ में किसानों को घरों में नजरबंद किया गया। डासना में आधी रात ट्रेन को रोका गया। इसके विरोध में किसानों ने 2 बजे से 5 बजे तक रेलवे ट्रैक जाम किया। उसके बाद 5 बजे अधिकारियों ने रेलवे बोर्ड में वार्ता करके ट्रेन को रवाना किया। काशी टोल प्लाजा पर राकेश टिकैत के बेटे गौरव को रोका गया।





## उज्जैन स्टेशन से महाकाल मंदिर तक बनेगा रोप वे

### कैबिनेट बैठक में फैसला,यूनिवर्सिटी कर्मचारियों को 7वें वेतन आयोग के आधार पर पेंशन मंजूर



**भोपाल।** उज्जैन रेलवे स्टेशन से महाकाल मंदिर समेत मध्यप्रदेश के चार प्रमुख धार्मिक स्थलों पर श्रद्धालुओं को रोप वे सुविधा मिलेगी। चित्रकूट का विकास अयोध्या की तर्ज पर करने के लिए चित्रकूट विकास प्राधिकरण बनेगा। इसके अलावा विश्वविद्यालयीन कर्मचारियों को सातवें वेतन आयोग के आधार पर पेंशन दी जाएगी। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव कैबिनेट की बैठक में गुरुवार को इन सभी फैसलों को हरी झंडी दी गई। बैठक में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा, तमाम अटकलों के बावजूद राज्य शासन द्वारा कोई भी योजना बंद नहीं की गई है। सभी मंत्री अपने विभाग की समीक्षा करें और समय सीमा में काम कराएं। कामों की समीक्षा में कमी नहीं आनी चाहिए। प्रदेश सरकार की वित्तीय स्थिति बहुत अच्छी है। सीएम डॉ. यादव ने राज्य सरकार के सौ दिन पूरे होने पर सभी मंत्रियों को बधाई भी दी।

### धार्मिक यात्राओं के लिए बनेगा हवाई सर्किट

कैबिनेट के फैसलों की जानकारी देते हुए नगरीय विकास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने कहा, प्रदेश में धार्मिक यात्राओं के लिए हवाई सर्किट बन रहा है। प्रारंभिक रूप से इंदौर को केंद्र बनाते हुए उज्जैन और ओंकारेश्वर के लिए हवाई सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। ग्वालियर और जबलपुर के लिए भी यह सेवा आज से ही शुरू हो जाएगी। इसका विस्तार सागर, रीवा, रतलाम समेत अन्य जगहों पर किया जाएगा। जहां-जहां हवाई पट्टी और यात्रियों की उपलब्धता होगी, वहां यह सुविधा मिलेगी। प्रदेश में अनुसूचित जाति (अजा) और अनुसूचित जनजाति (अजजा) के लिए चलाए जा रहे होस्टल्स में सभी सुविधाएं मुहैया कराने पर फोकस किया जाएगा।

- **कर्मचारियों के डीए पर बोले मंत्री- कोई प्रस्ताव नहीं था-** सरकारी कर्मचारियों के पेंडिंग 8 प्रतिशत महंगाई भत्ते पर सवाल के जवाब में मंत्री विजयवर्गीय ने कहा, इस पर कोई चर्चा नहीं हुई क्योंकि यह एजेंडे में ही नहीं था। अब जो स्थिति बन रही है, उसके मुताबिक लोकसभा चुनाव की आचार संहिता लग जाने पर इसे चुनाव आयोग की अनुमति के बिना दिया भी नहीं जा सकेगा।
- **चित्रकूट में बढ़े श्रद्धालु, विकास के लिए बनेगा प्राधिकरण-** विजयवर्गीय ने कहा कि अयोध्या में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के बाद चित्रकूट में भी श्रद्धालु बढ़ने लगे हैं। ऐसे में सीएम ने तय किया है कि चित्रकूट के विकास के लिए प्राधिकरण बनेगा। पदों के सृजन के लिए शुरुआत में कलेक्टर को 20 करोड़ रुपए दिए जाएंगे। इस प्राधिकरण के माध्यम से नगरीय और ग्रामीण क्षेत्र में काम किए जाएंगे। मंत्री विजयवर्गीय ने कहा कि उज्जैन में रेलवे स्टेशन से महाकाल मंदिर, जबलपुर में एंपायर सेंटर से गुरुद्वारा वाया रामपुर चौक और सिविक सेंटर से बल्देव बाग वाया मालवीय चौक जबकि सागर के रहली में टिकीटोरिया से टिकी ग्राम पंचायत के पास आईटीआई तक रोप वे बनाए जाएंगे।

## सेंट्रल जेल में खाली आवास पर कब्जा करने वालों को नोटिस

### ● भोपाल में जल्द क्वार्टर खाली नहीं किया, तो किए जाएंगे बेदखल

भोपाल। भोपाल सेंट्रल जेल परिसर में बने 12 आवासों पर अवैध कब्जे के मामले में जेल मुख्यालय सख्त हो गया है। जेल अधीक्षक से अवैध कब्जा करने वालों की जानकारी मांगी गई है। सभी को जल्द बंगले और क्वार्टर खाली करने के आदेश दिए गए हैं। तय समय में मकानों को खाली नहीं करने वालों के खिलाफ बेदखली की कार्रवाई की जाएगी। बता दें कि कब्जा करने वालों में दो पूर्व अधीक्षक समेत 10 अन्य कर्मचारी शामिल हैं। इनको वर्तमान पदस्थापना वाले जिलों में भी आवास मिले हुए हैं। बावजूद पुराने आवासों को खाली करने को तैयार नहीं हैं। जेल परिसर में बने जिन 12 बंगलों पर कब्जा है। जेल परिसर में चार ई-टाइप बंगले हैं। इनमें से एक बंगला मेडिकल ऑफीसर के लिए रिजर्व रखा जाता है। भोपाल सेंट्रल जेल में इन दिनों करीब 3500 कैदी हैं। इनके उपचार का जिम्मा एक चीफ मेडिकल ऑफीसर मनीष बिरथरे पर है। वह फिलहाल निज निवास में रह रहे हैं।

## अश्लील सामग्री परोसने वाले 18 ओटीटी प्लेटफार्म ब्लॉक

### ● वेबसाइट, एप्स और सोशल मीडिया हैंडल पर भी सरकार की सख्ती

**नई दिल्ली।** बार-बार की चेतावनियों के बावजूद अश्लील सामग्री परोसने से बाज नहीं आ रहे 18 ओटीटी प्लेटफॉर्म्स को सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय ने ब्लॉक कर दिया है। इसके अलावा 19 वेबसाइट, 10 ऐप्स, 57 सोशल मीडिया हैंडल भी ब्लॉक किए गए हैं।

केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर बार-बार 'रचनात्मक अभिव्यक्ति' की आड़ में अश्लीलता, अश्लीलता और दुर्व्यवहार का प्रचार न करने के लिए प्लेटफार्मों की जिम्मेदारी पर जोर देते रहे हैं। इस कड़ी में मंत्री ने 12 मार्च को घोषणा की कि अश्लील और अश्लील सामग्री प्रकाशित करने वाले 18 ओटीटी प्लेटफार्मों को हटा दिया गया है। यह निर्णय भारत सरकार के अन्य मंत्रालयों/विभागों और मीडिया एवं मनोरंजन, महिला अधिकारों और बाल अधिकारों में विशेषज्ञता वाले डोमेन विशेषज्ञों के परामर्श से सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम, 2000 के प्रावधानों के तहत लिया गया है।

ओटीटी ऐप्स में से एक के 1 करोड़ से अधिक डाउनलोड मिले, जबकि दो अन्य के त्रश्शद्दद्द क्क्वड्ड4 स्ह्लश्शह्द्ग पर 50 लाख से अधिक डाउनलोड मिले. इसके अतिरिक्त, इन ओटीटी प्लेटफार्मों ने दर्शकों को अपनी वेबसाइटों और ऐप्स पर आकर्षित करने के उद्देश्य से ट्रेलरों, विशिष्ट दृश्यों और बाहरी लिंक को प्रसारित करने के लिए बड़े पैमाने पर सोशल मीडिया का उपयोग किया. संबंधित ओटीटी प्लेटफार्मों के सोशल मीडिया खातों पर 32 लाख से अधिक उपयोगकर्ताओं की संचयी फ़ॉलोअरशिप थी।

### ओटीटी प्लेटफार्मों की सूची

अनकट अड्डा, ट्राई फ्लिक्स, एक्स प्राइम, ड्रीम्स फिल्म्स, वूवी, येस्मा, नियॉन एक्स वीआईपी, बेशरम, शिकारी, खरगोश, मूडएक्स, मोजफ्लिक्स, हॉट शॉट्स वीआईपी, फुगी, एक्स्ट्रामूड, न्यूफ़्लिक्स, चिकूफ़्लिक्स, प्राइम प्ले



मप्र के रीवा से श्री अयोध्या धाम पहुंचा 1100 किलो का नगाड़ा। 150 वाहनों से पहुंचे 500 भक्त। राम लला की आरती में बजेगा नगाड़ा। 5 किलोमीटर दूर तक सुनाई देगी आवाज। नगाड़ा राम जन्मभूमि ट्रस्ट को किया गया समर्पित।

प्रदेश पाती
दैनिक सद्भावना पाती
इंदौर, शुक्रवार 15 मार्च , 2024

# राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य एवं पुनर्वास संस्थान से अब देश में होगी सीहोर की पहचानः केंद्रीय मंत्री



**सीहोर (निप्र)।** राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य एवं पुनर्वास संस्थान सीहोर के निर्माण से अब सीहोर की पहचान प्रदेश के साथ पूरे देश में होगी। देश भर से दिव्यांगजन सीहोर के इस संस्थान से लाभान्वित होंगे। यह बात केन्द्रीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री डॉ वीरेन्द्र कुमार ने राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य एवं पुनर्वास संस्थान के नवनिर्मित भवन के उदघाटन अवसर पर कही। केन्द्रीय मंत्री डॉ विरेन्द्र कुमार ने कहा कि केंद्र सरकार एवं राज्य सरकार के साथ निरंतर प्रयास कर इस दिशा में आने वाली समस्याओं के निराकरण के लिए काम किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि राज्य शासन द्वारा भी अनेक प्रभावी कदम उठाए जा रहे हैं और दिव्यांगजनो प्रेम और स्नेह की आवश्यकता है और इस संस्थान में पूरी संवेदनशीलता के साथ उनके स्वास्थ्य और संवार्गी विकास के लिए काम किया जाएगा और हम सब मिलकर एक सफल समावेशी राष्ट्र निर्माण की दिशा में कार्य करें और दिव्यांगों के अधिकारों को सुनिश्चित करें। केन्द्रीय मंत्री डॉ वीरेंद्र कुमार ने कहा कि राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य एवं पुनर्वास संस्थान के निर्माण में कुछ समय का विलम्ब हुआ है पर पुनर्वास संस्थान बनकर अब पूर्ण तैयार हो गया है। इसके निर्माण की गति बहुत धीमी होन से एजेन्सी को एक बार बदल गया उसके बाद दूसरी भी बार बदल गया। इसके बार तीनों ब्लॉक का अलग-अलग एजेंसियों के द्वारा निर्माण कार्य कराया गया है। इसके लिए मैं लगातार समीक्षा बैठक लेता रहा और दिल्ली बुलाकर भी समीक्षा की गई। इस संस्थान के निर्माण में राज्य सरकार के सहयोग की सराहना करते हुए कहा कि संस्थान के लिए बेहतर लोकेशन पर भूमि उपलब्ध कराई गई है। उन्होंने कहा कि पुनर्वास संस्थान के नए भवन में सभी ब्लॉकों का निर्माण कार्य लगभग पूरा हो गया है और जो ब्लाक शेष रह गये है वे भी अप्रैल तक पूरा हो जाएंगे। आने वाले समय में इस इस परिसर में दो और हॉस्टल का निर्माण किया जाना है। केंद्रीय मंत्री डॉ वीरेंद्र कुमार ने राज्य शासन के मंत्री, विधायक, और जिला प्रशासन से अनुरोध किया है कि वे समय- समय इस संस्थान का निरीक्षण करते रहें ताकि दिव्यांगों को बेहतर सेवाएं उपलब्ध हो सकें और संस्थान के माध्यम से दी जाने वाली फीडबैक प्राप्त होती हो सके। देश के प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी दिव्यांगजनों के प्रति अतिसंवेदनशील है।

इससे पहले दिव्यांगों के लिए सात प्रकार के श्रेणी निर्धारित थी। लेकिन अब वर्ष- 2016 से अधिनियम पारित होने के बाद 21 प्रकार की श्रेणियां दिव्यांगजनों के लिए निर्धारित की गई है। सामाजिक मान्यता मंत्रालय राज्य सरकार के सहयोग से दिव्यांग जनों की सेवा देने के लिए सामाजिक न्याय मंत्रालय देश के प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में अपने विभिन्न जोनों की गतिविधियों का संचालन किया जा रहा हे। उन्होंने कहा कि सीहोर में अक्टूबर 2018 में एक स्थाई भवन के निर्माण का एक प्रस्ताव पारित हुआ था। उसके बाद से लगातार काम को आगे बढ़ाया गया यहां पर पुनर्वास संस्थान 25 एकड़ में फैला हुआ है और उसमें से लगभग 12 एकड़ में संस्थान के भवन का निर्माण हुआ है जिसमें लगभग 105.68 करोड रुपए की लागत आई है और यह भवन पूरी तरह से बनकर तैया हो गया है। उन्होंने कहा कि इस राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य एवं पुनर्वास संस्थान के लिए शीध्र ही 6 करोड़ के उपकरण खरीदे जा रहे हैं और फर्नीचर शीघ्र ही उपलब्ध होगा। इस नवीन परिसर में 50 कमरे जिसमें कक्षाएं पुस्तकालय प्रोफेसर और सहायक प्रोफेसर के कमरे प्रशासनिक कर्मचारी और निर्देशक कक्ष शामिल है। संस्थान में नेचरोथेरेपी, फिजियोथैरेपी, ऑक्यूपेशनल थेरेपी, एमआरआई, सीटी स्कैन, रेडियोलॉजी रूम की सेवइएं प्रदान की जाएगी।

संस्थान द्वारा चिकित्सा और शैक्षणिक गतिविधियों के लिए नई दिल्ली और बेंगलुरु से सहयोग लिया जाएगा। इस संस्थान में छात्रों के लिए पर्याप्त स्थान एवं व्यवस्था होगी। उन्होंने कहा कि यह बताते हुए बहुत प्रसन्नता हो रही है कि अब इस संस्थान के विभिन्न विभागों के माध्यम से साइकोलॉजिकल, डायग्नोस्टिक, मूल्यांकन और परीक्षण न्यूरो साइकोलॉजिकल मूल्यांकन साइकोलॉजिकल,एजुकेशन के लिए अन्य जागरूकता सेवा में प्रदान की जाएगी।

**कार्यक्रम में यह थे उपस्थितः** जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती रचना सुरेन्द्र मेवाड़ा, श्री राजेश यादव संयुक्त सचिव, दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग, सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय, भारत सरकार, श्री सचिन सिन्हा, प्रमुख सचिव, सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण, डॉ. रामाराव भोसले, आयुक्त, सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण, श्री विनीत सिंहल, निदेशक, राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य पुर्नवास संस्थान, कलेक्टर श्री प्रवीण सिंह, जिला पंचायत सीईओ श्री आशीष तिवारी, सहित सभी संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी तथा नागरिकगण उपस्थित थे।

राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य पुनर्वास की जरूरतों को पूरा करने और मानसिक बीमारी वाले व्यक्तियों के पुनर्वास को बढ़ावा देने के लिए राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य पुनर्वास संस्थान (एनआईएमएचआर) को दिव्यांगजनों के लिए दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग, सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय, भारत सरकार के तहत एक केंद्रीय स्वायत्त संस्थान के रूप में स्थापित किया गया था। अक्टूबर, 2018 में सीहोर में एमपी सोसायटी पंजीकरण अधिनियम, 1973 के तहत एक सोसायटी के रूप में पंजीकृत किया गया। मानसिक स्वास्थ्य पुनर्वास के क्षेत्र में काम करने वाले एक राष्ट्रीय संस्थान के रूप में एनआईएमएचआर की स्थापना मध्य प्रदेश में भोपाल-इंदौर राजमार्ग के किनारे सीहोर में राज्य सरकार द्वारा आवंटित 25 एकड़ परिसर पर परियोजना प्रारंभिक लागत के साथ की जा रही है। पहले तीन वर्षों में रु. 179.4 करोड़ जिसमें रुपये का गैर-आवर्ती व्यय शामिल है। 128.54 करोड़ और आवर्ती व्यय रु. 51 करोड़. गैर-आवर्ती व्यय एनआईएमएचआर के भवन के निर्माण की पूंजीगत लागत 105.68 करोड़ रुपये का भी प्रावधान है। वर्तमान में एनआईएमएचआर में तीन पाठ्यक्रम सर्टिफिकेट कोर्स ऑफ केयर गिविंग, डिप्लोमा इन कम्युनिटी बेस्ड रिहैबिलिटेशन और डिप्लोमा इन वोकेशनल रिहैबिलिटेशन-इंटेलेक्चुअल डिसेबिलिटी चल रहे हैं तथा ओपीडी , टेली-परामर्श, आउटरीच ओपीडी, आउटरीच कार्यक्रम और जमीनी स्तर पर मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता गतिविधियों के माध्यम से नैदानिक सेवाएं भी एनआईएमएचआर द्वारा प्रदान की जा रही हैं। संस्थान के माध्यम से साइको डायग्नोस्टिक मूल्यांकन और परीक्षण, न्यूरोसाइकोलॉजिकल मूल्यांकन, साइको शिक्षा मार्गदर्शन और परामर्श, विभिन्न मानसिक स्वास्थ्य समस्याओं के लिए साइको चिकित्सीय हस्तक्षेप और अन्य आउटरीच और जागरूकता सेवाएं संचालित करेगा। राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य पुनर्वास संस्थान में जो विभाग कार्यरम है उनमें मनोचिकित्सा, नैदानिक मनोविज्ञान, मनोरोग सामाजिक कार्य, मनोरोग नर्सिंग, वाणी एवं श्रवण, व्यावसायिक चिकित्सा के लिए केंद्र, फिजियोथेरेपी और योग विज्ञान, शिक्षा, व्यावसायिक प्रशिक्षण और ललित कला केंद्र, और कानूनी सहायता सेल और कंप्यूटर विभाग रहेगें। एनआईएमएचआर के नवनिर्मित परिसर में सेवाएँ, प्रशासन और शैक्षणिक, छात्रावास और स्टूडियो अपार्टमेंट ब्लॉक शामिल हैं। संस्थान का सर्विस ब्लॉक न्यूरोथेरेपी, फिजियोथेरेपी, स्पीच थेरेपी, व्यावसायिक थेरेपी, एमआरआई, सीटी स्कैन, रेडियोलॉजी, एक्स-रे रूम, डेकेयर सेवाएं, व्यावसायिक प्रशिक्षण की सेवाएं प्रदान करेगा।

## राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य एवं पुनर्वास केन्द्र सीहोर के लिए बड़ी सौगात है-मंत्री श्री कुशवाह

प्रदेश के समाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग के मंत्री श्री नारायाण कुशवाह ने कहा कि प्रधानीमंत्री श्री नरेद्र मोदी की राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य एवं पुनर्वास सस्थान के रूप में सीहोर को बड़ी सौगात दी है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में प्रदेश और देश तेजी से विकास कर रहा है। प्रधानमंत्री समाज में अंतिम पंक्ति के व्यक्ति के चेहरे पर खुशी लाने तथा उनको सशक्त बनाने के लिए निरन्तर काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि दिव्यांगजनों के लिए प्रधानमंत्री श्री मोदी अत्याधिक संवदेशनशील है और उनके समुचित इजाल और पुनर्वास के लिए केन्द्र एवं राज्य सरकार द्वारा अनेक योजनओं के माध्यम से कार्य किया जा रहा है। मध्यप्रदेश में दिव्यांगजनों को सुगमता से लाभ मिल सके इसके लिए विभाग द्वारा पोर्टल बनाया जा रहा है। प्रदेश के दिव्यांगजनों के विवाह के लिए 163 करोड़ से अधिक की राशि व्यय की गई है। मंत्री श्री कुशवाहा ने कहा कि प्रदेश में जिन दिव्यांगजनों में 80 प्रतिशत से अधिक दिव्यांगता है उन्हें मोटराईज ट्राईसिकल प्रदान करने का काम किया जाएगा। केन्द्र एवं राज्य सरकार की दियांगजनों के लिए संचालित योजनाओं का लाभ सभी दिव्यांगजनों को मिले यह सुनिश्चित किया जाएगा।

## अब राष्ट्रीय पुनर्वास केन्द्र होगा सीहोर की पहचान– विधायक राय

सीहोर विधायक श्री सुदेश राय ने कहा कि पहले सीहोर का शरबती गेहूं के लिए पूरे देश में पहचान थी। लेकिन अब राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य एवं पुनर्वास केन्द्र से पूरे देश में जाना जाएगा। उन्होंने सीहोर को दी गई इस सौगात के लिए प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी को धन्यवाद दिया और कहा कि प्रधानमंत्री मोदी दिव्यांगजनों के स्वास्थ्य एवं पुनर्वास के लिए बहुत संवेदनशील हैं और दिव्यांगों के कल्याण के लिए अनेकों योजनाएं चला रहे हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### महिला एवं बाल विकास विभाग ने रूकवाया बाल विवाह

**सीहोर (निप्र)।** महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा बाल विवाह की रोकथाम के लिए लगातार कार्यवाही की जा रही है। विभाग द्वारा चांदबड जागीर के ग्राम बरनावद की नाबालिग बालिका का विवाह रूकवाया गया। महिला एवं बाल विकास विभाग की टीम द्वारा चांदबड जागीर के ग्राम बरनावद पहुंच 6 मार्चको बालिका पूजा परिवर्तित नाम का विवाह रूकवाया गया। बारात पप्पू पिता लखन सिंह गुर्जर निवासी ग्राम नालपखेड़ी जिला राजगढ़ से आना थी किंतु टीम द्वारा विवाह से पूर्व बालिका के जन्म प्रमाण पत्र देखे गये। जिसमें बालिका की जन्म तिथि 5 जून 2008 पाई गई। जिसके अनुसार बालिका की आयु 18 वर्ष पूर्ण नहीं हुई थी। बालिका के माता-पिता एवं परिजनों को टीम द्वारा समझाइस दी गई। सभी ने सहमत होकर विवाह को निरस्त किया तथा शपथ पत्र दिया के बालिका का विवाह 18 वर्ष की आयु पूर्ण होने के पश्चात ही करेंगे। समाज के मुखिया धर्मगुरु सभी को बाल विवाह जैसी कुरीति समाप्त करने के लिए सहयोग प्रदान कर रहे है। परिणाम स्वरूप कई स्थानों पर यदि बाल विवाह होता है तो विभाग या सहयोगी संस्थाओं को इसकी सूचना प्राप्त हो जाती है। ग्राम स्तर पर कोर ग्रुप का गठन किया गया है। जनसामान्य को जागरुक कर बाल विवाह रोकने की अपील की गई। इस दौरान कैलाश सत्यार्थी फाउंडेशन जिला समन्वयक श्री सुमित गौर, अहमदपुर थाना प्रभारी, ग्राम पंचायत बांसिया के सरपंचशामिल थे।

### कांग्रेस से दामन छुड़ाकर बीजेपी में शामिल हुए नपा पार्षद

**रायसेन(निप्र)।** रायसेन में लोकसभा चुनाव से पहले नगर पालिका के चार कांग्रेस और एक निर्दलीय पार्षद सहित कई कांग्रेस नेताओं ने मंगलवार को भाजपा का दामन थाम लिया। इन सभी कांग्रेस नेताओं ने भोपाल के रविंद्र भवन में पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान, प्रदेश संगठन मंत्री हितानंद शर्मा सांची विधायक डॉ. प्रभुराम चौधरी भाजपा जिलाध्यक्ष राकेश शर्मा की मौजूदगी में भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। इस मौके पर पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने सभी को भाजपा में शामिल होने की बधाई दी। वार्ड 3 के कांग्रेस पार्षद रवि यादव वार्ड 4 से कांग्रेस पार्षद दीपक थोरात वार्ड 5 से कांग्रेस पार्षद किरण सोनी वार्ड 16 से निर्दलीय पार्षद आरिफ एवं वार्ड 18 से कांग्रेस पार्षद शगोवर्धन, कांग्रेस प्रवक्ता विजय सिंह राठौर, कांग्रेस नेता राजकिशोर सोनी,भारतीय जनता पार्टी की शपथ ग्रहण की गई।

### मदिरा के अवैध विक्रय व संग्रहण के विरूद्ध कार्यवाही कर 8 प्रकरण दर्ज किये

**हरदा (निप्र)।** आबकारी विभाग के दल ने मंगलवार को मदिरा के अवैध विक्रय संग्रहण व परिवहन के मामलों में कार्यवाही की है। जिला आबकारी अधिकारी श्री रितेश लाल ने बताया कि उनके विभागीय दल ने वृत हरदा के खेड़ीपुरा, इंडियन ढाबा हरदा व पीलियाखाल तथा वृत खिरकिया के ग्राम हरिपुरा, चारूवा, पासी मोहल्ला व कुचबंदिया मोहल्ला खिरकिया में दबिश देकर कुल 13 पाव देशी प्लेन शराब, 20 लीटर हाथ भट्टी शराब एवं 370 किलोग्राम महुआ लहान जप्त किया। उन्होंने बताया कि मुद्देमाल जप्त कर मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम के तहत कुल 8 प्रकरण दर्ज कर विवेचना में लिए गए। जप्त शराब का अनुमानित बाजार मूल्य 41845 रूपये है।

### मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री सिसोनिया ने टिमरनी ब्लॉक के गांवों का दौरा किया

**हरदा (निप्र)।** जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालिका अधिकारी श्री रोहित सिसोनिया ने बुधवार को टिमरनी विकासखंड के ग्राम टेमागांव, पड़वा, भादूगांव और सिरकम्बा का दौरा कर वहां संचालित ग्रामीण विकास योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने पंचायतों में जाकर समग्र ई केवाईसी योजना संबंधी प्रगति की जानकारी पंचायत सचिवों से ली। ग्राम सिरकम्बा में निरीक्षण के दौरान ई केवाईसी में प्रगति कम पाये जाने पर वहां के पंचायत सचिव को निलंबित करने के निर्देश उन्होंने दिए।

# रिटायर्ड कर्मचारियों को मोहन सरकार की बड़ी सौगात

## बैठक में कई महत्वपूर्ण प्रस्तावों पर लगी मुहर

**भोपाल।** मध्य प्रदेश के सीएम डॉ मोहन यादव की अध्यक्षता में गुरुवार को राजधानी भोपाल में मंत्रालय में कैबिनेट की अहम बैठक सम्पन्न हुई। राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम् के गायन के साथ प्रारंभ हुई कैबिनेट बैठक में कई महत्वपूर्ण प्रस्तावों पर चर्चा के बाद मंजूरी दी गई। हालांकि इस बैठक में कर्मचारियों के 4 फीसदी डीए वृद्धि पर कोई फैसला नहीं लिया गया लेकिन इसके अलावा कई अहम फैसले लिए गए है। लोकसभा चुनाव की घोषणा से पहले यह अंतिम बैठक मानी जा रही है।

वहीं बैठक के संबंध में मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने मीडिया को जानकारी देते हुए बताया कि मध्यप्रदेश की आर्थिक स्थिति अच्छी है, पैसे की कमी नहीं है। सीएम यादव ने सभी विभागों के मंत्रियों को बजट का पूरा इस्तेमाल करने के लिए कहा है। उन्होंने एमपी में योजनाओं को पूरा करने के लिए पैसे की कमी नहीं है।

विजयवर्गीय ने बताया कि पीएम श्री धार्मिक योजना के तहत महाकाल और ओंकारेश्वर के बीच हेली और विमान सेवा शुरू की गई है इसके अलावा अन्य धार्मिक क्षेत्र के लिए विस्तार किया जाएगा। मंत्री समूह की समिति बनाई गई है आदिवासी अंचलों में कॉलेज की स्थिति और छात्रावास निगरानी करेंगे, अध्यक्ष विजय शाह, निर्मला भूरिया और दिलीप नागर इसके सदस्य बनाए गए हैं।

मंत्री विजयवर्गीय ने बताया कि चित्रकूट प्राधिकरण आयोग बनाया जा रहा है, इसके लिए 20 करोड़ रुपए जारी किए गए हैं। मुरैना में अंबाह में पुल बनाने की योजना थी, लंबे समय से प्रस्तावित थी, घड़ियाल योजना के चलते साल 2012 से चल रही थी, 157 करोड़ निर्माण के लिए स्वीकृति किया गया है।

-केंद्र सरकार की रोपवो योजना के तहत उज्जैन रेलवे स्टेशन से महाकाल, रोप-वे एम्पायर चौक-सदर-कटंगा-रामपुर-साउथ एवेन्यू माल-ग्वारीघाट-नर्मदा मंदिर से नदी के पार गुरुद्वारा तक जाएगा, इसी तरह रोप-वे सिविक सेंटर-मालवीय चौक-लॉर्डगंज-बड़ा फुहारा से बल्देवबाग तक बनेगा।

-ट्राइबल इलाकों में पीएम न्याय योजना के तहत बिजली पहुंचाई जाएगी सोलर और अन्य व्यवस्था सरकार करेगी।

### -विश्वविद्यालय सेवा के रिटायर्ड कर्मचारियों को सातवा वेतनमान दिया जाएगा।

-केन बेतवा लिंक परियोजना के तहत 2004 में बीजेपी की सरकार बनाई, 7 लाख हेक्टेयर पर सिंचाई होती थी, 35 लाख हेक्टेयर पर अभी सिंचाई हो रही है। 6 लाख 364 हेक्टेयर और निवाड़ी, टीकमगढ़, पन्ना, शिवपुरी में 44 लाख लोगों को फायदा मिलेगा।

## वाहनों की विशेष जांच अभियान तहत कार्यवाही हुई

**विदिशा (निप्र)।** प्रदेश में वाहनों के विरुद्ध विशेष चेकिंग अभियान चलाए जाने तथा वाहनों में हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट लगवाए जाने के जारी किए गए आदेश के पालन में आज जिला परिवहन अधिकारी श्री गिरिजेश वर्मा ने अशोकनगर रोड, विदिशा में वाहनों की चेकिंग कार्यवाही कर वाहनों के नियम विरुद्ध चलते पाए जाने पर शमन शुल्क वसूल किया है। जिला परिवहन अधिकारी श्री वर्मा ने बताया उक्त कार्यवाही के दौरान 39 वाहन नियम विरुद्ध चलते पाए गए हैं जिनके विरुद्ध चालानी कार्यवाही की जाकर उनमें से 33 वाहनों से शमन शुल्क 96050 रुपये वसूल किया गया है इसके अलावा शेष अन्य 06 वाहन प्रकरण निराकरण की प्रत्याशा में जप्त किए जाकर आरटीओ परिसर में सुरक्षार्थ रखे गए हैं। कार्यवाही के दौरान विशेष रूप से वाहनों में हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट लगी ना होने, वाहनों में वैध प्रपत्र ना होने तथा वाहन में अनुग्येय सीमा के बाहर माल भरे होने के संबंध में कार्यवाही की गई।



## थाईलैंड में भगवान बुद्ध के पवित्र अवशेषों के दर्शन को उमड़ रहे कई देशों के श्रद्धालु

**नई दिल्ली।** भारत की ओर से प्रदर्शनी के लिए थाईलैंड भेजे गए भगवान बुद्ध और उनके दो शिष्यों अरिहंत सारिपुत्त तथा अरिहंत मोदगलायन के पवित्र अस्थि अवशेषों के दर्शन के लिए अब उबोन रत्चथानी शहर में भारी भीड़ उमड़ रही है। थाईलैंड में भारतीय उच्चायोग ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर लिखा, ''उबोन रत्चथानी के वाट महा वानाराम में भारत से आए पवित्र अवशेषों की प्रदर्शनी के दूसरे दिन थाईलैंड और पड़ोसी देशों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु श्रद्धांजलि अर्पित कर रहे हैं।''

शुभ छठे चक्र और राजा राम दशम के 72वें जन्म वर्ष के उपलक्ष्य में भारत और थाईलैंड के लोगों के बीच मित्रता के प्रतीक के रूप में भगवान बुद्ध और उनके शिष्यों के पवित्र अवशेष थाईलैंड के चार अलग-अलग स्थानों पर लगने वाली 26 दिवसीय प्रदर्शनी के लिए 22 फरवरी को थाईलैंड भेजे गए थे। इन्हें प्रदर्शनी के पहले हिस्से के तौर पर 23 फरवरी को बैंकॉक में सनम लुआंग मंडप के एक भव्य मंडपम में स्थापित किया गया था। बैंकॉक के बाद अवशेषों को 4 से 8 मार्च के बीच चियांग माई शहर में भेजा गया। इन दोनों शहरों में 15 लाख से अधिक लोगों ने पवित्र अवशेषों पर श्रद्धांजलि अर्पित की। अवशेषों पर श्रद्धा सुमन अर्पित करने के लिए थाईलैंड के अलावा कंबोडिया, लाओस और वियतनाम के श्रद्धालुओं का तांता लगा हुआ है। इसके बाद अवशेषों को दक्षिणी शहर क्राबी ले जाया जाएगा।

इस अवसर पर थाईलैंड में भारतीय दूतावास ने यूपी पर्यटन के सहयोग से 'बुद्धभूमि भारत-भगवान बुद्ध के नक्शेकदम पर यात्रा' नामक एक मंडप भी बनाया है, जिसमें भारत की बौद्ध विरासत और समृद्ध सांस्कृतिक कार्यक्रमों की एक झलक दिखाई देती है। उल्लेखनीय है कि बुद्ध के पवित्र अवशेष भारत के राष्ट्रीय संग्रहालय में रखे रहते हैं। उनके अवशेषों को उत्तर प्रदेश के सिद्धार्थनगर जिले के पिपरहवा से खुदाई के दौरान प्राप्त किया गया था, जिसे प्राचीन शहर कपिलवस्तु का ही एक हिस्सा माना जाता है।

इसके अलावा उनके दोनों शिष्यों के अवशेष मध्य प्रदेश के सांची स्तूप में रखे होते हैं। उनके पवित्र अवशेषों की खुदाई 1851 में ब्रिटिश पुरातत्वविदों द्वारा की गई थी और फिर उन्हें इंग्लैंड के विक्टोरिया और अल्बर्ट संग्रहालय में ले जाया गया था। हालांकि भारत में महाबोधि सोसायटी और कई लोगों के प्रयासों से एक लंबे संघर्ष के बाद 1948 में उनके अवशेषों को वापस भारत लाया गया। थाईलैंड में 19 मार्च को प्रदर्शनी के समापन के बाद पवित्र अवशेषों को उनके संबंधित स्थलों पर वापस भेज दिया जाएगा।

# पीएम सूरज राष्ट्रीय पोर्टल लॉन्च,प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी का संबोधन देखा और सुना



**विदिशा (निप्र)।** प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने आज सामाजिक उत्थान एवं रोजगार आधारित जनकल्याण के लिए पीएम-सूरज राष्ट्रीय पोर्टल लॉन्च किया। इस कार्यक्रम को प्रधानमंत्री जी ने संबोधित किया जिसका सीधा प्रसारण विदिशा में कलेक्ट्रेट के बेतवा सभाकक्ष में किया गया जिसे जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती गीता रघुवंशी, विदिशा नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती प्रीति शर्मा, सांसद प्रतिनिधि द्वय श्री कैलाश रघुवंशी, श्री राकेश शर्मा के अलावा कलेक्टर श्री बुद्धेश कुमार वैद्य, अपर कलेक्टर श्री अनिल कुमार डामोर सहित अन्य अधिकारियों व विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित हितग्राहियों ने देखा और सुना। कार्यक्रम में उपस्थित जनप्रतिनिधियों व कलेक्टर ने शासन की विभिन्न योजनाओं में लाभार्थियों को ऋष्ण वितरण के स्वीकृति पत्र प्रदाय कर शुभकामनाएं अभिव्यक्त की। इस दौरान कलेक्टर श्री बुद्धेश कुमार वैद्य ने स्व सहायता समूह की महिलाओं को ऋष्ण वितरण का स्वीकृति पत्र प्रदाय करने के उपरांत उनसे संवाद किया। जिस पर स्व सहायता समूह की महिला सदस्यों ने बताया कि उन्होंने वस्त्र विक्रय हेतु प्राप्त ऋष्ण से वह गुजरात के सूरत से वस्त्र क्रय कर उन्हें विक्रय करेंगी। नवागत कलेक्टर श्री वैद्य ने हांसुआ एवं गोबरहेला ग्राम के स्व सहायता समूह की महिला सदस्यों से संवाद के दौरान कहा कि वह आजीविका मिशन अंतर्गत स्व सहायता समूह से जुड़ी हैं तो वह अपनी आजीविका को अग्रसर करने के लिए इस तरह के कार्यों को पूरी लगन और मेहनत के साथ करें ताकि उनकी आय में बढ़ोतरी हो उन्होंने ऋष्ण प्राप्त होने पर स्व सहायता समूह की महिला सदस्यों को शुभकामनाएं भी दीं।लीड बैंक ऑफिसर श्री नरेश मेघानी ने बताया कि सामाजिक उत्थान एवं रोजगार आधारित जनकल्याण हेतु पीएम-सूरज पोर्टल का शुभारंभ अवसर पर विदिशा के कलेक्ट्रेट में बेतवा सभा कक्ष में आयोजित कार्यक्रम मे जिला अग्रणी बैंक कार्यालय के संयोजन से समस्त बैंक शाखाओं द्वारा शासकीय योजनाओं के 35 हितग्राहियों को कुल 52 लाख रुपये की राशि के ऋष्ण स्वीकृति पत्र प्रदाय किए गए हैं।

## महिला पॉलिटेक्निक में मानक निबंध प्रतियोगिता आयोजित

**सीहोर (निप्र)।** भारतीय मानक ब्यूरो की भोपाल शाखा द्वारा शासकीय महिला पॉलिटेक्निक कॉलेज में मानक निबंध प्रतियोगिता आयोजित की गई। निबंध प्रतियोगिता का शीर्षक प्रेशर कुकर रहा। प्रतियोगिता में 92 छात्राओं ने भाग लिया। भारतीय मानक ब्यूरो के रिसोर्स पर्सन श्री अविनाश कैधौरिया ने बताया कि इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्राओं को मानकों की जानकारी तथा प्रोडक्ट की गुणवत्ता के बारे में जागरूक करना है। प्रतियोगिता में छात्राओं द्वारा उत्कृष्ट प्रदर्शन किया गया। निबंध प्रतियोगिता में प्रथम पुरुस्कार छात्रा प्रतिज्ञा जोंजारे एवं सोनम राकेशिया, द्वितीय पुरुस्कार निशा बड़ोदिया एवं संगीता सिलोरिया, तृतीय पुरुस्कार आरती कोरी एवं स्वेता अहिरवार, एवं सांत्वना पुरुस्कार मोनिका शितोले एवं रिया सिलावट को दिया गया।

दैनिक
सद्भावना पाती
...प्राणियों में सद्भावना हो...





डॉ. वरुण कपूर-अति. पुलिस महानिदेशक द्वारा म.प्र. उच्च न्यायालय अभिभाषक संघ, इंदौर में दिनांक 12.03.2024 को सायबर सुरक्षा विषय पर 663वीं कार्यशाला आयोजित

## 15 वर्षीय बच्ची के साथ डेयरी संचालक ने की अश्लील हरकत

**इंदौर।** एरोड्रम थाना पुलिस ने 15 वर्षीय लड़की की शिकायत पर दूध डेयरी संचालक मनीष गुर्जर के खिलाफ छेड़छाड़, धमकी, पाक्सो एक्ट के तहत केस दर्ज किया है। बच्ची बुधवार दोपहर दूध लेने गई थी। आरोपित काम के बहाने बच्ची को ले गया और अश्लील हरकत की। उसने धमकाया और कहा कि सीसीटीवी कैमरे में रिकॉर्डिंग कर ली है। घरवालों को बताने पर वीडियो वायरल कर बदनाम कर देगा। जब पीड़िता के स्वजन इसकी शिकायत लेकर मनीष के घर पहुंचे तो मनीष के घरवालों ने पीड़िता के स्वजन के साथ ही मारपीट कर दी।

## युवती को इंजेक्शन लगाने वाला आरोपित फरार

**इंदौर।** धान गली में युवती को इंजेक्शन लगाकर भागे बदमाश की पहचान हो गई है। आरोपित युवती का परिचित है और पूर्व से परेशान कर रहा था। गुरुवार को पुलिस ने उसके घर छापा मारा, लेकिन फरार हो गया। एसीपी हेमंत चौहान के मुताबिक, मल्हारगंज क्षेत्र निवासी 22 वर्षीय युवती को उस वक्त इंजेक्शन लगाया था जब वो बहन के साथ घर जा रही थी।

## मतदान केन्द्रों की सर्वे रिपोर्ट तैयार करने में जुटा निगम

**इंदौर।** लोकसभा चुनाव की तैयारियां शुरू होना हैं और इसी के चलते मतदान केन्द्रों पर तमाम पुख्ता प्रबंध के लिए नगर निगम का अमला आचार संहिता लगने के पहले ही सक्रिय हो गया है। विधानसभा चुनाव के लिए चार माह पहले ही शहरी क्षेत्र 1600 के मतदान केन्द्रों को निगम की टीमों ने संवारा था, लेकिन इनमें कई सामुदायिक भवन और धर्मशालाओं के साथ कई शासकीय स्कूलों की हालत खराब है। शहरी क्षेत्र के मतदान केन्द्रों को आदर्श मतदान केन्द्र बनाने के लिए जिला प्रशासन और नगर निगम की टीम ने विधानसभा चुनाव के दौरान खासी मशक्कत की थी और कई मतदान केन्द्रों में जुटाई गई व्यवस्थाओं को देखकर मतदाताओं के साथ निर्वाचन आयोग के अधिकारियों ने भी बेहतर तैयारियों को लेकर अफसरों की प्रशंसा की थी।इसी के चलते लोकसभा चुनाव को लेकर भी निगम का अमला पहले से ही तैयारियां करने में जुटा है, क्योंकि कई जगह ऐनवक्त पर काम नहीं होने के कारण तमाम परेशानियां आती हैं। अधिकारियों के मुताबिक झोनल कार्यालयों से शहरी क्षेत्र के मतदान केन्द्रों की तमाम जानकारियां और रिपोर्ट मंगवाई गई है, ताकि वहां कार्य कराए जा सकें। 1600 मतदान केन्द्रों में अधिकांश शासकीय स्कूल, धर्मशालाएं, कम्युनिटी हॉल और निजी स्कूल शामिल हैं। इन स्थानों पर विधानसभा चुनाव के दौरान निगम द्वारा कई कार्य कराए गए थे, लेकिन चार माह के अंतराल में ही कई जगह मतदान केन्द्रों पर स्थिति खराब है। इसी के चलते रिपोर्ट के आधार पर वहां फिर से रंगाई-पुताई और मरम्मत के कार्य कराए जाएंगे। झोनल अधिकारियों के साथ क्षेत्रीय भवन अधिकारी भी मतदान केन्द्रों का दौरा कर अपनी रिपोर्ट मुख्यालय को देंगे।

## अधिकारियों पर भड़की सचिव

**इंदौर।** गोदाम में पड़ा-पड़ा गेहूं सड़ गया और गोदामों का किराया सरकार को चुकाना पड़ रहा है। गेहूं की बड़ी खेप के निपटारण नहीं किए जाने पर कल अधिकारियों को अतिरिक्त मुख्य सचिव की अच्छी खासी डांट सहनी पड़ी। गुणवत्तायुक्त गेहूं के उपार्जन के लिए सर्वेयर को न केवल प्रशिक्षित किया जाएगा, बल्कि परीक्षा भी ली जाएगी। समर्थन मूल्य पर गेहूं की खरीदी की तैयारियां को लेकर रेसीडेंसी कोठी में खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव स्मिता भारद्वाज ने बैठक ली। लम्बे समय से उपार्जन प्रारंभ होने से लेकर खत्म होने तक कई तरह की लापरवाहियां बरती जा रही हैं।एक-एक जिले की समीक्षा करते हुए उन्होंने आलीराजपुर, बुरहानपुर और खरगोन की एक बार फिर जांच कराए जाने के निर्देश दिए। समीक्षा के दौरान केंद्रों में पड़े गेहूं के सडऩे की स्थिति पर वे भडक़ उठीं और उन्होंने कहा कि घर में बच्चों के खाना फेंकने पर हम उन्हें डांट लगाते हैं तो फिर किसानों की मेहनत को गोदामों पर सड़ाना भी अपराध है। मेरी नजर में .यह गंभीर क्राइम है और अब इस पर किसी को बख्शा नहीं जाएगा। ज्ञात हो कि आलीराजपुर, बड़वानी, बुरहानपुर, धार, इंदौर, झाबुआ, खंडवा, खरगोन के कुल 322 गोदामों की जांच अलग-अलग जिलों की टीमों के माध्यम से कराई गई थी। कई खामियों पर एक बार फिर जांच कराई जाएगी।

## इंदौर से करनावद (नेमावर) बनेगा फोरलेन रोड़, डीपीआर की मिली मंजूरी

**इंदौर।** इंदौर से नागपुर हाईवे के बीच आने वाले इंदौर से करनावद तक 29 किलोमीटर लम्बाई के मार्ग को फोरलेन किया जायेगा। जल संसाधन मंत्री तुलसीराम सिलावट की पहल पर राज्य शासन से इस मार्ग को बनाने के लिए डीपीआर तैयार करने की स्वीकृति मिल गई है। डीपीआर तैयार होने के पश्चात मार्ग निर्माण की आगामी कार्यवाही प्रारंभ होगी। सिलावट ने बताया कि यह मार्ग बनने से इंदौर से नागपुर हाईवे का सफर आसान और सुविधाजनक हो जायेगा। इस रोड के यात्रियों सहित सांवेर विधानसभा क्षेत्र के हजारों नागरिकों को इसका सीधा लाभ मिलेगा।

## एयरपोर्ट की वीआईपी लाउंज में 25 व्यक्तियों के लिये ही रहेगी अनुमति

**इंदौर।** इंदौर के एयरपोर्ट में सुरक्षा के मद्देनजर महत्वपूर्ण लिये गये है। इसके अनुसार अति महत्वपूर्ण एवं महत्वपूर्ण व्यक्तियों के आगमन के समय एयरपोर्ट की वीआईपी लाउंज में अधिकतम 25 व्यक्तियों के लिये ही अनुमति दी जायेगी। इसके अलावा किसी भी अनाधिकृत व्यक्ति का प्रवेश प्रतिबंधित रहेगा। यह जानकारी कलेक्टर आशीष सिंह की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई बैठक में दी गई। बैठक में बताया गया कि एयरपोर्ट पर निर्धारित प्रोटोकॉल और नियमानुसार सुरक्षा प्रबंध सुनिश्चित किये जा रहे है। सुरक्षा ऑडिट की अनुशंसा अनुसार अतिमहत्वपूर्ण एवं महत्वपूर्ण व्यक्तियों के आगमन के समय एयरपोर्ट के वीआईपी लाउंज सुरक्षा के मद्देनजर महत्वपूर्ण निर्णय लिये गये है।

# आग ने एक बार फिर अफसरों की नाकामी को रखा सामने

इंदौर। इंडस्ट्री हाउस में बुधवार को लगी आग ने एक बार फिर स्वच्छता व स्मार्ट शहरों में सिरमौर इंदौर शहर का दावा करने वाले अफसरों की नाकामी को सामने रख दिया। इंडस्ट्री हाउस की चौथी मंजिल पर लगी आग को बुझाने के लिए निगम के पास मौजूद फायर वाहन बौने साबित हुए। इन फायर वाहनों से पानी की बौछार को इतनी ऊंचाई पर ले जाना संभव ही नहीं था। यही वजह है कि एयरपोर्ट से तेज ऊंचाई तक मार करने वाले फायर वाहन को बुलाना पड़ा।गौरतलब है 10 साल पहले इंदौर नगर निगम को राज्य शासन से पांच करोड़ की राशि हाइड्रोलिक टर्नटेबल फायर वाहन खरीदने के लिए मिली थी, जिसका आज तक उपयोग नहीं हुआ। शहर में तेजी से हाईराइज इमारतें बनती जा रही हैं। ऐसे में इस तरह के वाहन की जरूरत है, लेकिन निगम के अफसर अभी तक इसे खरीदने की सिर्फ कागजों पर ही योजना बना रहे हैं।

### 2014 में मुंबई व अहमदाबाद गए लेकिन वाहन नहीं खरीद पाए

हाइड्रोलिक वाहन के लिए निगम ने वर्ष 2014 में टेंडर भी जारी किए थे लेकिन कोई एजेंसी तय मापदंडों पर खरी नहीं उतरी थी। निगम अफसरों की टेक्निकल कमेटी इस तरह के वाहन की क्वालिटी, सक्सेस रेट व कार्यप्रणाली को समझने के साथ उपयोग हो रहे वाहनों को देखने के लिए मुंबई व अहमदाबाद भी गई थी। इनकी इस विजिट पर करीब दो लाख रुपये खर्च हुए लेकिन उसके बाद भी अफसरों ने वाहन नहीं खरीदा।

### दिसंबर में मुंबई गए, अब वाहन खरीदी में बजट आ गया आड़े

पिछले वर्ष दिसंबर माह पहले इंदौर नगर निगम के अफसर हाइड्रोलिक वाहन की खरीदी के संबंध में मुंबई गए थे। उन्होंने हाइड्रोलिक वाहन की गुणवत्ता व जानकारी भी ली। जानकारों के मुताबिक अधिक ऊंचाई तक पहुंच कर आग बुझाने में सक्षम हाइड्रोलिक प्लेटफार्म वाहन की कीमत अब करीब 15 से 20 करोड़ रुपये है। निगम के पास 10 साल पहले मिले 5 करोड़ रुपये ही रखे हुए है। ऐसे में निगम के अफसरों ने बजट के अभाव में एक बार फिर इस तरह के वाहन के खरीदी के मामले को फिर से ठंडे बस्ते में डाल दिया।

## इंदौर से 64 किमी लंबा पश्चिमी रिंग रोड छह गांवों से निकलेगा

**इंदौर ।** 64 किलोमीटर लंबे पश्चिमी रिंगरोड को बनाने के लिए एजेंसी तय हो चुकी है, जो अलग-अलग दो हिस्सों में सड़क बनाने का काम करेगी। महू के पास एबी रोड से सांवेर होते हुए शिप्रा तक सड़क बनाएंगे, जिसमें बेटमा, हातोद, सांवेर, तराना होते हुए क्षिप्रा से सड़क निकाली जाएगी।राष्ट्रीय भारतीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआइ) ने सड़क का काम एजेंसी को मार्च 2028 तक पूरा करने को कहा है, क्योंकि सिंहस्थ से पहले उज्जैन से जुड़ने वाली सभी सड़कों को बनाया जाना है, ताकि श्रद्धालुओं आसानी से उज्जैन तक पहुंच सके। पश्चिमी रिंग रोड का टेंडर 10 दिन पहले खुल चुका है। सड़क निर्माण की जिम्मेदारी गुजरात की एमकेसी एजेंसी को दिया है। सड़क बनाने में दो हजार करोड़ रुपये खर्च किया जाएगा। 34 किमी महू से हातोद और 30 किमी हातोद से क्षिप्रा के बीच दो हिस्सों में निर्माण किया जाएगा। एनएचएआइ ने तय किया है कि जिन हिस्से में जमीन को लेकर कोई विवाद नहीं है। वहां का काम पहले शुरू किया जाएगा। ऐसा करने के पीछे यह मंशा है कि प्रोजेक्ट को समय पर पूरा किया जा सके।सड़क निर्माण में कुछ किसानों की जमीन आ रही है, जो मुआवजा कम दिए जाने से नाराज है। यहां तक कि वे सड़क निर्माण का विरोध भी कर रहे है। गुस्साएं किसानों को मनाने में सरकार लगी है। प्रोजेक्ट में 638 हेक्टेयर भूमि आ रही है। अधिग्रहण की प्रक्रिया चल रही है। मगर उचित मुआवजा नहीं मिलने से किसान जमीन छोड़ने को तैयार है। करीब एक हजार करोड़ रुपये मुआवजा दिया जाएगा।

## चुनिंदा एयरपोर्ट में इंदौर बना नंबर वन

**इंदौर।** देवी अहिल्याबाई होलकर अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट ने एक और उपलब्धि अपने नाम की है। एयरपोर्ट काउंसिल इंटरनेशनल (एसीआइ) द्वारा किए गए वार्षिक सर्वे में देशभर के 15 चुनिंदा एयरपोर्ट में एयरपोर्ट सर्विस क्वालिटी (एएसक्यू) के सर्वेक्षण में पहले पायदान पर रहा।एयरपोर्ट अथारिटी आफ इंडिया ने बुधवार को एयरपोर्ट पर यात्रियों को मिलने वाली सुविधाओं के वार्षिक सर्वेक्षण की रिपोर्ट जारी की है। इस रिपोर्ट में इंदौर पांच में से 4.91 अंक के साथ देश का नंबर वन एयरपोर्ट बन गया है, जबकि चेन्नई 4.90 अंक लेकर दूसरे और 4.90 अंक लेकर वाराणसी तीसरे नंबर पर रहा। यह सर्वेक्षण जनवरी से दिसंबर 2023 तक किया गया था। गौरतलब है वर्ष 2023 की आखिरी तिमाही में इंदौर एयरपोर्ट सातवें पायदान पर रहा था। गोवा एयरपोर्ट पहले स्थान पर पहुंच गया था। एयरपोर्ट प्रबंधन का कहना है कि एयरपोर्ट पर प्रत्येक तिमाही में सुधार किया जा रहा है।

### 2022 में दूसरे पायदान पर रहा

एयरपोर्ट काउंसिल इंटरनेशनल (एसीआइ) द्वारा वर्ष 2022 में जारी की गई वार्षिक सर्वेक्षण रिपोर्ट में इंदौर एयरपोर्ट दूसरे नंबर पर रहा था। पहले नंबर पर वाराणसी एयरपोर्ट रहा। वाराणसी ने पांच में से 4.95 अंक अर्जित किए, जबकि इंदौर महज 0.01 अंक से पिछड़ गया। इंदौर को 4.94 अंक मिले थे।

### देश के 15 एयरपोर्ट सर्वे में शामिल

एयरपोर्ट काउंसिल इंटरनेशनल एसीआइ द्वारा साला 18 लाख से अधिक यात्रियों की संख्या वाले एयरपोर्ट पर एयरपोर्ट सर्विस क्वालिटी एएसक्यू सर्वे किया जाता है। इसमें एशिया पेसिफिक के 19 देशों के कुल 98 एयरपोर्ट पर यह सर्वे होता है। इसमें भारत के प्रमुख 15 एयरपोर्ट आते हैं। वहीं भारत के अन्य घरेलू एयरपोर्ट पर कस्टमर सेटिस्फेक्शन सर्वे होता है।

# सस्ते होंगे सोलर पंप, मिला पेटेंट, होगी रुपयों की बचत

इंदौर। देश इन दिनों सोलर क्रांति से गुजर रहा है। खेतों से लेकर इंडस्ट्री तक सौर ऊर्जा से चलने वाले पंप का उपयोग किया जाने लगा है। किंतु ऐसे पंप की कीमत अब भी अधिक होने के कारण कई किसान और लघु उद्योग इनका उपयोग नहीं कर पा रहे। इस समस्या का हल इंदौर के एक प्रोफेसर ने खोज निकाला है।श्री गोविंदराम सेकसरिया प्रौद्योगिकी एवं विज्ञान संस्थान (एसजीएसआइटीएस) के इलेक्ट्रिक इंजीनियरिंग विभाग के प्रोफेसर शैलेंद्र शर्मा ने कंट्रोल एल्गोरिदम सेंसर डेवलप किए हैं। इनसे सोलर पंप में लगने वाले सेंसर्स की संख्या कम हो जागी, जिससे उसकी कीमत पर भी असर पड़ेगा। साथ ही सोलर पंप की लाइफ भी बढ़ेगी। इस डिवाइस के लिए प्रोफेसर को पेटेंट भी मिल गया है।दरअसल, हमारा देश में कृषि का एक बड़ा क्षेत्रफल अब भी असिंचित है। इस क्षेत्र में सिंचाई के लिए पर्याप्त साधन उपलब्ध नहीं हैं। इससे फसलों का सही उत्पादन नहीं मिल पाता। ऐसे कई किसानों को डीजल और बिजली से चलने वाले पंपों के सहारे फसल की सिंचाई करनी पड़ती है और उत्पादन लेना पड़ता है। इससे खेती की लागत बढ़ती है। अधिक लागत की वजह से खेती में मुनाफा कमाना भी मुश्किल होता है। किंतु इसका एक हल है कि सिंचाई सोलर पंप से की जाए। इससे बिजली या डीजल की खपत का खर्च कम हो जाएगा और किसान की फसल उगाने की लागत कम हो जाएगी। किंतु इसके बावजूद किसान सोलर पंप का इस्तेमाल अधिक नहीं कर पा रहे हैं क्योंकि ये महंगे हैं।

पांच एचपी (हार्सपावर) क्षमता वाले सोलर पंप के लिए किसान को करीब डेढ़ लाख रुपये चुकाने पड़ते हैं। सोलर पंप के इस्तेमाल को बढ़ाने के उद्देश्य से एसजीएसआइटीएस के प्रोफेसर ने अपनी टीम के साथ इनोवेशन किया है। इसके तहत पांच एचपी सोलर पंप की कीमत में करीब 33 हजार रुपये का खर्चा कम हो रहा है।

प्रोफेसर शैलेंद्र शर्मा ने पर्मानेंट मैगनेट ब्रश लेस (पीएमबीएल) डीसी मोटर आधारित सोलर वाटर पंप की लागत को कम करने के लिए साफ्टवेयर की मदद से सोलर पंप में लगने वाले सेंसर्स की संख्या सीमित कर दी है। साथ ही सोलर पंप में उपयुक्त होने वाले डीसीडीसी कन्वर्टर के इस्तेमाल को भी समाप्त कर दिया है। प्रो. शर्मा ने बताया कि अब तक जो सोलर पंप इस्तेमाल किए जाते हैं, उनमें वोल्टेज, करंट और स्पीड के लिए करीब आठ सेंसर का इस्तेमाल किया जाता है। एक वोल्टेज सेंसर की कीमत 3000 रुपये, एक करंट सेंसर की कीमत 1000 रुपये और हाल इफेक्ट स्पीड सेंसर की कीमत 6000 होती है। इसी प्रकार पांच एचपी सोलर पंप के साथ इस्तेमाल होने वाले डीसीडीसी कन्वर्टर की कीमत 15,000 रुपये होती है। इस लागत को कम करने के लिए हमने साफ्टवेयर की मदद से इन्वर्टर को इस प्रकार कंट्रोल किया है कि उसमें डीसीडीसी कन्वर्टर के इस्तेमाल की जरूरत ही नहीं पड़ रही। साथ ही लगने वाले सेंसर की संख्या भी सिर्फ दो बची है। इससे करीब पांच एचपी सोलर पंप पर 33 हजार रुपये की बचत हो सकेगी। उन्होंने आगे कहा कि इस इनोवेशन के लिए हमने वर्ष 2020 में पेटेंट फाइल किया था, जिसे इंडियन पेंटेंट आफिस ने अप्रूव कर दिया है। इस शोध में रिसर्च स्कालर डा. मेनका दुबे और एसजीएसआइटीएस के निदेशक प्रो. राकेश सक्सेना भी शामिल रहे हैं।

# 200 फीट चौड़ा बनेगा एमआर-11

इंदौर। फ्लायओवरों के साथ इंदौर विकास प्राधिकरण, मास्टर प्लान और प्रमुख मेजर रोड यानी एमआर भी बनवा रहा है। इसी कड़ी में एबी रोड देवास नाका को बायपास से जोडऩे वाली 200 फीट चौड़ी एमआर-11 भी निर्मित की जाना है, जिसके लिए लगभग 46 करोड़ रुपए की राशि का टेंडर भी जारी कर दिया है। पूर्व में शासन ने इस रोड को बनाने के लिए राशि देने की बात भी विधानसभा चुनाव से पहले कही थी। मगर अभी तक प्राधिकरण को इसकी मंजूरी नहीं मिली। लिहाजा अब अपने ही खर्च से इस महत्वपूर्ण लिंक रोड को बनाने का निर्णय लिया है। इसका दूसरा हिस्सा टीपीएस-12 में एबी रोड से ही भौंरासला तक बनाया जाना है। उसके भी एक हिस्से पर प्राधिकरण ने रोड निर्माण शुरू किया है।

सालों से एमआर के साथ-साथ मास्टर प्लान की भी कई सडक़ें या तो निर्मित ही नहीं हुई या अधूरी पड़ी हैं। अब चूंकि लगातार शहर का यातायात चारों दिशाओं में बढ़ता जा रहा है और साथ ही आबादी भी, जिसके चलते प्रमुख और व्यस्त चौराहों पर फ्लायओवरों का निर्माण किया जा रहा है, तो सडक़ें भी बनाई जा रही है। प्राधिकरण ने 60 मीटर यानी 200 फीट चौड़े एमआर-11 के निर्माण की भी कवायद फिर से शुरू की है। हालांकि पूर्व में 73.63 करोड़ की राशि शासन से भी इस रोड के लिए मांगी गई थी, जिसमें मैन केरेजवे, सेंट्रल वर्ज, इलेक्ट्रिक पोल शिफ्टिंग, साइकिल ट्रैक और स्टार्म वॉटर लाइन के काम शामिल किए गए थे। वहीं टीडीआर पॉलिसी के तहत भू-अर्जन किया जाना था। साथ ही 200 फीट चौड़ाई में मौजूद अतिक्रमण और अवैध निर्माणों को चिन्हित कर पुलिस-प्रशासन, निगम की सहायता से हटाया जाना है।वैसे तो शासन ने 200 करोड़ रुपए की राशि विधानसभा चुनाव से पहले प्राधिकरण को देना तय किया था, जिसमें इस रोड के साथ-साथ कुछ फ्लायओवर और अन्य सडक़ें बनाई जाना थी।

मगर चूंकि शासन का ही खजाना खाली पड़ा है और हर माह लाडली बहना के लिए उसे 1500 करोड़ रुपए की राशि जुटाने के लिए ही लोन लेना पड़ता है। लिहाजा प्राधिकरण को शासन से यह घोषित की गई राशि अभी तक प्राप्त नहीं हुई है। लिहाजा बोर्ड में लिए गए निर्णय के आधार पर प्राधिकरण ने इस 200 फीट चौड़े एमआर-11 निर्माण के लिए अब टेंडर बुलाए हैं, जो लगभग 46 करोड़ रुपए की राशि के हैं। एबी रोड से लेकर बायपास तक यह एमआर-11 निर्मित होना है। बीते कुछ सालों से इसकी कवायद चल भी रही है। वैसे तो उज्जैन रोड पर भौंरासला से लेकर एबी रोड और वहां से बायपास तक ही रोड बनना है। मगर अलग-अलग टुकड़ों में इसका निर्माण किया जा रहा है। एबी रोड से लेकर भौंरासला तक रोड के लिए प्राधिकरण ने टीपीएस-12 घोषित कर रखी है, जिसमें से अभी रेलवे क्रॉसिंग तक का एक हिस्सा रोड का बनाया भी जा रहा है।

दूसरी तरफ इंदौर से करनावद, राघौगढ़ फोरलेन ग्रीन फील्ड हाईवे का काम भी शुरू किया गया है। दरअसल यह इंदौर-नागपुर हाईवे से भी लिंक होना है, जिसके चलते इंदौर से करनावद तक के 29 किलोमीटर के हिस्से को फोरलेन बनाना है। जल संसाधन मंत्री तुलसीराम सिलावट की पहल पर शासन ने इस मार्ग को बनाने के लिए डीआरपी तैयार करने की मंजूरी दे दी है, जिसके पश्चात मार्ग निर्माण की आगामी कार्रवाई शुरू हो सकेगी। श्री सिलावट का कहना है कि इस मार्ग के बनने से इंदौर से नागपुर हाईवे का सफर आसान हो जाएगा और सांवेर के नागरिकों को भी इसका सीधा लाभ मिलेगा।

# आज खुलेंगे शराब दुकानों के टेंडर

इंदौर। इंदौर में शराब दुकानों के अलॉटमेंट के लिए आबकारी विभाग आज टेंडर खोलेगा। इस प्रक्रिया में 14 दुकानों को शामिल किया गया है। विभाग ने इनके लिए 361 करोड़ रुपए का आरक्षित मूल्य तय किया है। इससे पहले शहर की 50 दुकानों को पहले से चला रहे ठेकेदारों को ही 15 प्रतिशत राशि बढ़ाकर 1148 करोड़ में बेचा जा चुका है। आबकारी अधिकारियों ने बताया कि हर साल होने वाले शराब ठेकों की नीलामी प्रक्रिया के तहत शासन ने तय किया था कि पहले से चल रहे ठेकों को ठेकेदार 15 प्रतिशत राशि बढ़ाकर रिन्यू करवा सकेंगे। इस नियम के बाद शहर की 64 में से 50 दुकानों के ठेकेदारों ने इस शर्त पर ठेकों को रिन्यू करवाने पर सहमति दी थी, जिसके बाद 1148 करोड़ रुपए में इन दुकानों को ठेकों का नवीनीकरण हो चुका है, वहीं शेष बची 14 दुकानों के लिए विभाग ने टेंडर जारी किए हैं। इसके लिए इच्छुक ठेकेदार कल तक एनआईसी के पोर्टल द्बश्चह्लद्गठ्ठ- स्त्रद्गह्य.द्द१1.द्बठ्ठ पर जाकर टेंडर भर सकते हैं। इन टेंडरों को कल दोपहर 2.30 बजे खोला जाएगा।

इन टेंडरों में शहर की 14 दुकानों को नीलाम किया जाएगा। इनमें स्कीम न. 54, एमआईजी, मालवा मिल, अग्रसेन चौराहा, महू नाका, जीपीओ चौराहा, राजमोहल्ला, पलसीकर कॉलोनी, पलासिया, राजेन्द्र नगर, जवाहर मार्ग, मांगलिया, देपालपुर और ट्रांसपोर्ट नगर की दुकानें शामिल हैं। सबसे ऊंची बोली लगाने वाले ठेकेदारों को दुकानें आवंटित की जाएगी। ये हैं घाटे की दुकानें, इसलिए रुचि नहीं दिखा रहे ठेकेदार अधिकारियों ने बताया कि जो दुकानें मुनाफे की थी, उन्हें तो ठेकेदार पहले ही बढ़ी हुई लाइसेंस फीस पर ले चुके हैं, लेकिन जिन दुकानों का लाइसेंस ठेकेदारों ने रिन्यू नहीं करवाया है, वे दुकानें घाटे में चल रही थी।

इसी कारण ठेकेदार उन्हें रिन्यू करवाने में रुचि नहीं ले रहे हैं। संभावना है कि कुछ दुकानें तो नीलाम हो जाएंगी, लेकिन कई दुकानों को तय कीमत से कम बोली मिलने पर विभाग शासन को प्रस्ताव भेजेगा।

शासन उचित समझता है तो कम कीमत पर दुकानें नीलाम होंगी।

# इंदौर के चार फ्लाईओवर का निर्माण कार्य शीघ्र होगा प्रारंभ

## कलेक्टर सिंह ने संबंधित अधिकारियों की ली बैठक

इंदौर। इंदौर शहर में स्वीकृत चार फ्लाईओवर का निर्माण कार्य शीघ्र प्रारंभ हो जायेगा। कलेक्टर आशीष सिंह ने उक्त फ्लाईओवर के निर्माण कार्य शीघ्र प्रारंभ करने के संबंध में संबंधित विभागों के अधिकारियों की कलेक्टर कार्यालय में बैठक ली और आवश्यक दिशा-निर्देश दिये।

बैठक में नगर निगम आयुक्त श्रीमती हर्षिका सिंह, अपर कलेक्टर तथा आईडीए के सीईओ गौरव बेनल सहित अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद थे। बैठक में बताया गया कि इंदौर में स्वीकृत सत्यसाई चौराहा, देवास नाका चौराहा, क्रिस्टल आईटी पार्क चौराहा तथा मुसाखेड़ी चौराहा पर फ्लाय ओवर बनाने का कार्य दो से तीन दिन में शीघ्र प्रारंभ कर दिया जायेगा। बैठक में कलेक्टर सिंह ने निर्देश दिये कि स्वीकृत उक्त सभी फ्लाईओवर का निर्माण कार्य पूर्ण गुणवत्ता के साथ निर्धारित समय सीमा में किया जाये। उक्त फ्लाईओवर के निर्माण में आ रही छोटी-छोटी बाधाओं को शीघ्र दूर कर लिया जायेगा। कुछ औपचारिकताएं भी जल्द पूरी हो जायेंगी। सत्यसाई चौराहा के फ्लाय ओवर निर्माण के बीच आ रहे वृक्षों को नियमानुसार हटाने की कार्रवाई भी की जायेगी। बैठक में बताया गया कि सत्यसाई चौराहा पर 62 करोड़ 44 लाख रूपये, देवास नाका चौराहा पर 74.48 करोड़ रूपये, क्रिस्टल आईटी पार्क चौराहा पर 63.32 लाख रूपये तथा मुसाखेड़ी चौराहा पर 67 करोड़ रूपये की लागत से फ्लाय ओवर का निर्माण किया जायेगा।

बैठक में कलेक्टर सिंह ने शहर की जरूरत के हिसाब से विजय नगर और रेडिसन चौराहा पर भी फ्लाईओवर की जरूरत बताई। उन्होंने कहा कि इन जगहों पर फ्लाईओवर का निर्माण होता है, तो ट्रैफिक व्यवस्था और अधिक बेहतर हो जायेगी। उन्होंने इन जगहों पर फ्लाईओवर निर्माण के लिये प्लान तैयार करने के निर्देश भी दिये।

# संपादकीय

# पीएम के अरुणाचल दौरे पर चीन का सवाल उठाना अनुचित

प्रधानमंत्री का अरुणाचल प्रदेश दौरा चीन को खटक गया है। उसने भारत के समक्ष राजनयिक आपत्ति दर्ज कराई कि अरुणाचल में इस तरह भारतीय नेताओं के दौरे से दोनों देशों के बीच चल रहे सीमा विवाद को सुलझाने की कोशिशों पर नकारात्मक प्रभाव पड़ेगा। इससे मामले और उलझ सकते हैं। अरुणाचल प्रदेश चीन का हिस्सा है और वहां भारतीय नेताओं के दौरों को किसी भी रूप में उचित नहीं ठहराया जा सकता। चीन के इस दावे को भारत ने खारिज कर दिया है। विदेश मंत्रालय ने फिर दोहराया है कि अरुणाचल प्रदेश भारत का अंग था, है और रहेगा। दरअसल, पिछले हफ्ते शनिवार को प्रधानमंत्री ने अरुणाचल प्रदेश में बनी सेला सुरंग राष्ट्र को समर्पित की। असम के तेजपुर से अरुणाचल के तवांग को जोड़ने वाली यह सुरंग हर मौसम में आवागमन की सुविधा प्रदान करेगी। इससे सामरिक महत्त्व के तवांग इलाके तक हर मौसम में भारतीय सैनिकों की आवाजाही आसान हो जाएगी। करीब तेरह हजार फुट की ऊंचाई पर बनी इस सुरंग को दुनिया की सबसे लंबी सुरंग माना जा रहा है। जाहिर है, इससे चीन असहज हो उठा है। तवांग तक भारतीय सैनिकों की पहुंच आसान होने का अर्थ है, चीन को बड़ी सामरिक चुनौती। चीन लंबे समय से अरुणाचल प्रदेश को दक्षिणी तिब्बत कहते हुए अपना क्षेत्र बताता रहा है। पिछले वर्ष जब उसने भारतीय क्षेत्र की कुछ जगहों को अपने नक्शे में दिखाते हुए उनके नाम बदल दिए थे, तो उनमें अरुणाचल प्रदेश भी शामिल था। चीन ने अरुणाचल का नाम बदल कर जैगनान रख दिया है। इस पर भारत ने उस वक्त भी सख्त नाराजगी जाहिर की थी। कोई भी देश इस तरह किसी दूसरे



देश के किसी हिस्से का नाम बदल कर उसे अपने नक्शे में शामिल कर ले, तो इससे अंतरराष्ट्रीय सीमा का कोई अर्थ ही नहीं रह जाएगा। भारत और चीन के बीच वास्तविक नियंत्रण रेखा को लेकर हुए समझौते के अनुसार अरुणाचल प्रदेश भारत का हिस्सा है। वहां रहने वाले लोगों को बकायदा यहां की नागरिकता प्राप्त है। मगर चीन समय-समय पर यह जताने से बाज नहीं आता कि भारत ने अरुणाचल पर अवैध कब्जा कर रखा है। जबकि हर बार भारत ने उसके इस दावे का पुरजोर खंडन किया है। इस बार भी उसके दावे को निराधार बता कर खारिज कर दिया गया है। वास्तविक नियंत्रण रेखा संबंधी समझौते को झुठलाने और वहां अस्थिरता पैदा करने की चीन की कोशिशें किसी से छिपी नहीं हैं। अक्सर उसके सैनिक सीमा पार कर भारत के अधिकार वाले हिस्से में आ जाते हैं। जब उन्हें चुनौती दी जाती है, तो वे लौट जाते रहे हैं। करीब चार वर्ष पहले उसके सैनिक गलवान घाटी में घुस कर भारतीय सैनिकों से गुत्थमगुत्था हो गए थे। उस झड़प में दोनों तरफ के सैनिक शहीद हो गए। तबसे दोनों देशों के बीच रिश्ते तनावपूर्ण बने हुए हैं। हालांकि सीमा विवाद सुलझाने के लिए चीन के सैन्य अधिकारी बातचीत की मेज पर आते रहे हैं। यह दिखाने का प्रयास करते रहे हैं कि वे इस मुद्दे को लेकर गंभीर हैं, मगर हकीकत में यह मसला अभी तक उलझा हुआ है। सीमा विवाद सुलझाने को लेकर चीन कितना गंभीर है, इसका अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि वह भारत के हिस्से वाली कई जगहों के नाम बदल कर उन्हें अपना हिस्सा बताता रहा है। मगर भारत ने उसकी विस्तारवादी नीतियों को हर समय ठोस चुनौती दी है।

## सोशल मीडिया से...




आज युवा देख रहे हैं कि भारत किस तरह आत्मनिर्भरता के लिए, ग्लोबल सप्लाई चेन में अपनी उपस्थिति के लिए चौतरफा काम कर रहा है। इन प्रयासों से उनका आत्मविश्वास बढ़ेगा और आत्मविश्वास से भरा युवा कहीं भी हो, वो अपने देश का भाग्य बदल देता है।

**नरेंद्र मोदी,** प्रधानमंत्री

ममता बनर्जी राष्ट्रीय सुरक्षा के मुद्दे पर राजनीति कर रही हैं और लोग उनका साथ नहीं देंगे। मैं ममता बनर्जी को चैलेंज करता हूं कि वे बताएं इस एक्ट का कौन सा नियम किसी की नागरिकता छीन रहा है। वो सिर्फ वोट बैंक के लिए हिंदुओं और मुस्लिमों के बीच दूरी और डर बना रही हैं।

**अमित शाह,** केंद्रीय गृहमंत्री



## शिकायत प्रबंधन प्रकोष्ट अधिकारी-कर्मचारियों की लगाई गई ड्यूटी

इंदौर। लोक सभा निर्वाचन -2024 द्वारा शिकायत प्रबंधन हेतु जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास को सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। उक्त कार्य में सहयोग के लिये विभिन्न अधिकारी- कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है। शिकायत प्रबंधन प्रकोष्ठ में परियोजना अधिकारी राजेन्द्र मण्डलोई, सांख्यिकी अन्वेषक मनोज दांगी, बाल संरक्षण अधिकारी अविनाश यादव, बाल संरक्षण अधिकारी भगवानदास साहू, सहायक वर्ग-तीन प्रतीक सिहोटा और दिलीप नामदेव को तैनात किया गया है।

## गांव से आए किराना व्यापारी का रुपए से भरा बैग लेकर फरार बदमाश

**इंदौर।** रावजी बाजार इलाके में गांव से आए एक किराना व्यापारी का रुपए से भरा बैग बदमाश लेकर फरार हो गए। मामले में पुलिस ने चोरी का केस दर्ज कर जांच शुरू की है। रावजी बाजार पुलिस के मुताबिक अजय लड्डा निवासी गुणावद धार ने बताया कि वह हाथीपाला कलाली के पास उनकी कार पंचर हो गई। किराना व्यापारी का रुपए से भरा बैग बदमाश लेकर फरार हो गए। मामले में पुलिस ने चोरी का केस दर्ज कर जांच शुरू की है। रावजी बाजार पुलिस के मुताबिक अजय लड्डा निवासी गुणावद धार ने बताया कि वह हाथीपाला कलाली के पास उनकी कार पंचर हो गई। वह कार को साइड में लगाकर स्टेपनी चेंज कर रहे थे। इस दौरान एक बैग पीछे की सीट पर रख दिया। जिसमें 20 हजार, एटीएम कार्ड और अन्य सामान रखा हुआ था। उक्त बैग को स्टेपनी बदलने के दौरान कोई चुराकर ले गया। अजय ने बताया कि वह इंदौर के सियागंज में थोक का किराना सामान लेने आए थे। लड्डा की शिकायत के बाद पुलिस शराब दुकान के पास के सीसीटीवी कैमरों की रिकॉर्डिंग निकाल रही है। जिसमें एक संदिग्ध युवक बैग ले जाता दिखाई दिया है। पुलिस उसकी तलाश कर रही है।

## ग्रामों में उद्योग लगाने के लिये युवाओं को दिया गया प्रशिक्षण

इंदौर। इंदौर जिले के ऐसे गांवों जहां उद्योग नहीं है, वहां उद्योग लगाने के लिये युवाओं को प्रेरित किया जा रहा है। इसके लिये कलेक्टर आशीष सिंह के मार्गदर्शन में विकासखण्डवार कार्यशाला/प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे है। इन कार्यक्रमों में बड़ी संख्या में युवा शामिल होकर उद्योग लगाने के लिये अपनी रूचि प्रदर्शित कर रहे है। ऐसे ही युवाओं को पिछले दिनों जनपद पंचायत देपालपुर कार्यालय में प्रशिक्षण दिया गया। शिविर में आदित्य मोहन गुप्ता सहायक प्रबंधक जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र ने समस्त विभागों द्वारा संचालित योजनाओं यथा प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यकम, मुख्यमंत्री उद्यम कांति योजना, प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना एवं मध्यप्रदेश एमएसएमई प्रोत्साहन योजना आदि की जानकारी दी। उपस्थित सभी हितग्राहियों की समस्याओं को सुनकर समाधान किया गया । बैठक में जनपद पंचायत देपालपुर के मुख्य कार्यपालन अधिकारी एम.एल. वर्मा एवं जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र के सहायक प्रबंधक हेमन्त दण्डोतिया भी उपस्थित थे।

## सनावद खंडवा मेमू ट्रेन 12 मार्च से सप्ताह में पांच दिन चलाई जाएगी

**इंदौर।** परीक्षण के तौर पर सनावद से खंडवा तक 12 मार्च से 12 अप्रैल तक मेमू ट्रेन चलाई जाएगी। जानकारी के अनुसार यह ट्रेन बुधवार और गुरुवार को छोड़कर सप्ताह में पांच दिन चलाई जाएगी। इस ट्रेन में 8 यात्री डिब्बे रहेंगे। यह ट्रेन खंडवा से प्रातः 9 बजे रवाना होगी और 9:15 बजे खंडवा बायपास, 9:25 बजे अजंटी स्टेशन, 9:46 बजे अत्तर स्टेशन, 9:59 बजे कोटल्याखेड़ी, 10:08 बजे निमाड़खेड़ी स्टेशन, 10:30 बजे सनावद स्टेशन पहुंचेगी। अजंटी, अत्तर, निमाड़खेड़ी स्टेशनों पर ट्रेन का स्टॉपेज 2 मिनट और कोटल्याखेड़ी स्टेशन पर स्टॉपेज एक मिनट रहेगा। इसी प्रकार यह ट्रेन सनावद स्टेशन से दोपहर 2:45 बजे रवाना होगी और 2:58 बजे निमाड़खेड़ी, 3:07 बजे कोटल्याखेड़ी, 3:18 बजे अत्तर, 3:39 बजे अजंटी, 3:53 बजे खंडवा बायपास और 4:10 बजे खंडवा पहुंचेगी। मेमू ट्रेन खंडवा से सनावद तक 35.53 किमी प्रति घंटे और सनावद से खंडवा तक 37.80 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से दौड़ेगी। सनावद से खंडवा की दूरी 53.38 किमी है।

## इंदौर के प्रगतिशील किसान गुजरात पहुंचकर सीखेंगे उन्नत खेती

इंदौर। उद्यानिकी तथा खाद्य प्रसंस्करण विभाग द्वारा संचालित एकीकृत बागवानी विकास मिशन योजना के तहत इंदौर जिले के किसानों का दल गुजरात के लिए रवाना हुआ। इस दल को विधायक मधु वर्मा तथा उप संचालक उद्यान डी.एस. चौहान ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह दल 17 मार्च तक गुजरात के विभिन्न क्षेत्रों का भ्रमण कर उन्नत खेती किसानी को देखेगा। वे अमूल डेयरी की कार्यप्रणाली को भी समझेंगे। इस दल में 53 प्रगतिशील किसान है। जिले के उक्त कृषक गुजरात के भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद-केंद्रीय शुष्क बागवानी संस्थान वेजलपुर (गोधरा), औषधीय एवं सुगंधीय पादप अनुसंधान निदेशालय आणंद एवं औषधीय फसलों की आधुनिक खेती की जानकारी, अमूल डेयरी का भ्रमण करेंगे। आणन्द कृषि विश्वविद्यालय आदि स्थानों में भ्रमण एवं प्रशिक्षण कराया जायेगा।

## पेयजल की समस्या निवारण के लिये कंट्रोल रूम स्थापित

**इंदौर।** इंदौर जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल संबंधी समस्याओं के निवारण के लिये जिला एवं विकासखंड स्तर पर कंट्रोल स्थापित किया गया है। उक्त कंट्रोल रूम की प्रभारी लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग की जिला सलाहकार श्रीमती वर्षा मालगुजार (मोबाइल नम्बर 9893278569) को बनाया गया है। यह कंट्रोल रूम दो शिफ्टों में सुबह 8 बजे से शाम 4 बजे तक तथा दूसरी शिफ्ट में रात्रि दस बजे तक चलेगा। इसी तरह उप खंड स्तर पर भी इंदौर और महू में कंट्रोल रूम बनाये गये है। इसी तरह सांवेर और देपालपुर पर भी कंट्रोल रूम रहेंगे।




## पूरी दुनिया की खूबसूरत चीजें संजोए हैं आईआईएमटीएफ

● अभय प्रशाल में चल रहे इंडिया इंटरनेशनल मेगा ट्रेड फेयर के आखिरी 3 दिन शेष ● अफगानिस्तान के सूखे मेवों लेकर तुर्की के खूबसूरत लैम्प्स तक घर की हर जरूरत का सामान है उपलब्ध

इंदौर। ईरान की खूबसूरत सिल्वर ज्वेलरी, केसर और शहद, अफगानिस्तान के सूखे मेवे, तुर्की के मनमोहक लैम्प्स और मलेशिया के वाटर फॉउन्टेंस, यह सिर्फ कुछ उदाहरण है। अभय प्रशाल में चल रहे इंडिया इंटरनेशनल मेगा ट्रेड फेयर 8 देशों और 10 राज्यों से आए कलाकारों के 25 हजार से अधिक उत्पाद उपलब्ध है। 8 स्न्ड्डह्म्ड्ढ से शुरू हुए इस ट्रेड फेयर के आखिरी 3 दिन शेष है। जी एस मार्केटिंग और बंगाल चैंबर दोनों ने इंदौर के नागरिकों के लिए विशेष रूप से इस एक्सिबिशन का आयोजन किया है। ट्रेड फेयर के रीजनल सेल्स मैनेजर द्बड्ड4ह्वह्- जी ने बताया कि इंदौर में 4 बार इस ट्रेड फेयर का आयोजन किया जा रहा है। पिछली बार छ्वड्डठ्ठ में एक्सिबिशन लगाई गई थी, तब इसे शहरवासियों से बहुत अच्छा प्रतिसाद मिला इसलिए हमने दूसरी बार इंदौर आने का फैसला किया। इस बार भी हमें शहरवासियों से बेहद प्यार मिला है। इस शहर को कला और कलाकारों की परख है। यही कारण है कि हमारे साथ अलग-अलग देशों से खासतौर पर इस एक्सिबिशन के लिए भारत आए लोग भी काफी खुश है। इस ट्रेड फेयर में घर की हर छोटी-बड़ी जरूरत का सामान उपलब्ध है। प्रोडक्ट की रेंज 50 रुपये से शुरू होकर लाखों तक जाती है इसलिए हर वर्ग के लोग इस ट्रेड फेयर को देखने आ रहे हैं। ट्रेड फेयर 17 द्वड्डह्म्ड्ढ रविवार तक चलेगा। बंगाल चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री भारत में अपनी तरह का सबसे पुराना और सबसे सम्मानित संस्थान है। चैंबर की शुरुआत 1833 से हुई है। पिछले 189 वर्षों से, चैंबर ने भारत में वाणिज्य और उद्योग के विकास के लिए एक संचालक के रूप में अग्रणी भूमिका निभाई है। चैंबर भारत में अर्थव्यवस्था और बुनियादी ढांचे के विकास के लिए प्रभावी रूप से काम करता है। जीएस मार्केटिंग एसोसिएट्स 28 वर्षों के समृद्ध अनुभव के साथ भारत में ट्रेड फेयर और एक्सिबिशन का एक प्रमुख और प्रसिद्ध आयोजक है। भारत और विदेशों के 25,000 से ज्यादा यूनिक प्रोडक्ट्स के प्रदर्शन के साथ एक्सिबिशन का माहौल बिल्कुल भव्य होगा।

## लोकसभा चुनाव में प्रत्याशी खर्च कर सकेंगे 95 लाख रूपये

**इंदौर।** लोकसभा निर्वाचन के दौरान प्रत्याशी अधिकतम 95 लाख रूपये खर्च कर सकेंगे। अधिकतम सीमा के अंतर्गत खर्च की निगरानी के लिये इंदौर जिले में अनेक दलों का गठन किया गया है। इन दलों को प्रशिक्षण दिया गया। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम राजेन्द्र नगर स्थित लता मंगेशकर सभागृह में सम्पन्न हुआ। प्रशिक्षण कार्यक्रम में मुख्य प्रशिक्षक डॉ. आर.के. पाण्डे द्वारा विस्तार से प्रशिक्षण दिया गया। बताया गया कि लोकसभा निर्वाचन 2024 स्वतंत्र एवं निष्पक्ष रूप से सम्पन्न कराने तथा व्यय लेखा संबंधी कार्यों के सुचारू सम्पादन हेतु कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी आशीष सिंह द्वारा व्यय लेखा अधिकारी, सहायक व्यय प्रेक्षक, निर्वाचन व्यय लेखा दल, स्स्ञ्ज, स्नस्ञ्ज, ङ्कस्ञ्ज, ङ्कङ्कञ्ज के दलों गठन किया गया है। प्रशिक्षण कार्यक्रम में इन दलों के सदस्यों को विस्तार से उनके अधिकार, कर्तव्य एवं दायित्वों की जानकारी दी गई। लेखा संधारण के तौर तरीके बताये गये। खर्च के आकलन की प्रक्रिया भी समझाई गई। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा दिये गये दिशा-निर्देशों के बारे में भी जानकारी दी गई।

# घर के पहरेदार बन कर बुजुर्ग जीने को मजबूर

इन दिनों गुरु-पीरों की धरती की सजावट नौजवानों की खुली हंसी से नहीं, बल्कि बुजुर्गों की नम आंखों से हो रही है। गांव के चबूतरे पर बैठे बुजुर्ग किसी परिचर्चा में डूबकर एक-दूसरे से यही सवाल करते दिखते हैं कि कहां कमी रह गई? देश का पेट भरने वाले पंजाब के नौजवान को अपने पेट भरने के लिए विदेश का रुख करना पड़ रहा है। बुजुर्ग अपने अनुभवों के आधार पर बताते हैं कि जब हम छोटे थे, तब खेत-खलिहानों के बीच इकट्ठा होकर खेलते हुए कब बड़े हो गए, पता ही नहीं चला। थोड़े वक्त बाद जब युवा हुए, तब पढ़े-लिखे नौजवान के रूप में सेना में भर्ती होने, शिक्षक बनने और बैंक में नौकरी करने में गर्व महसूस करते थे।

**निधि शर्मा**

एक सुनसान बंद पड़ा हुआ दरवाजा और उसके पीछे हजारों ख्वाहिशें, जो चाहती हैं कि ये दरवाजा रोज खुलता रहे। मगर मन या दिमाग में चल रही हसरतों का क्या! वे तो हर दिन जन्म लेती हैं और हर दिन दम भी तोड़ देती हैं। ऐसी हसरत किसी बंद पड़े दरवाजे की भी हो सकती है, जिसे छोड़कर हजारों किलोमीटर दूर अपने सपनों को बड़ा करने के लिए गए परिवार अपनी जड़ों से ही दूर हो जाते हैं। उनके पीछे रह जाते हैं उस घर के एक या दो कमरे में रह रहे अपनी आस की डोर थामे बुजुर्ग, जो बस टकटकी लगाए अपनों के इंतजार में बैठे रहते हैं कि कब उनके अपनों का आना होगा और कब बंद बड़े तालों को खोला जाएगा।

यह स्थिति आजकल पंजाब सहित देश के कुछ अन्य हिस्सों में बहुत सारे घरों में देखने को मिल जाएगी, जहां शहरों के मुकाबले गांव में बड़े-बड़े घरों में देखरेख करने वाले घरेलू सहायक या उनके परिवार या फिर सिर्फ बुजुर्ग रह रहे हैं जो अपनी अगली पीढ़ियों के लिए घर के रखवाले बन कर रह गए हैं।

गांव में किसी की शादी या फिर सुख के अन्य कार्यक्रम, जो योजनाबद्ध तरीके से आयोजित किए जाते हैं, उसमें तो परिवार की एक या दो पीढ़ियां एक साथ दिखने को मिल जाती हैं, लेकिन जीवन में आने वाली अनियोजित दुख की घड़ी में दुख साझा करने के लिए उस समय सिर्फ बुजुर्गों की पीढ़ी ही नजर आती है। आलम यह रहता है कि विदेश से आने वाली पीढ़ी के इंतजार के लिए लाश को भी मुर्दा घर में बर्फ की सीलियों के बीच और इंतजार करना पड़ता है।कई बार यह समझना मुश्किल हो जाता है कि सिर्फ ज्यादा सुविधा हासिल करने और उसके बीच जीने और ज्यादा पैसे कमाने के लिए लोग अपनी जमीन से तो टूटते ही हैं, अपने साथ के उन लोगों को पीछे छोड़ जाते हैं, जिन्होंने उनकी जिंदगी को संवारने के लिए न जाने कितने दंश झेले और कैसा समय देखा। मगर फिर यह जटिल तस्वीर यह भी उभर आती है कि बच्चों से लेकर बुजुर्गों के मन में भी 'आगे बढ़ने' का जो सपना होता है, उसकी परिभाषा भी यही और ऐसी ही तय की जाती है कि उसमें कुछ बेहद जरूरी लोग हाशिये पर चले जाते हैं।

इन दिनों गुरु-पीरों की धरती की सजावट नौजवानों की खुली हंसी से नहीं, बल्कि बुजुर्गों की नम आंखों से हो रही है। गांव के चबूतरे पर बैठे बुजुर्ग किसी परिचर्चा में डूबकर एक-दूसरे से यही सवाल करते दिखते हैं कि कहां कमी रह गई? देश का पेट भरने वाले पंजाब के नौजवान को अपने पेट भरने के लिए विदेश का रुख करना पड़ रहा है। बुजुर्ग अपने अनुभवों के आधार पर बताते हैं कि जब हम छोटे थे, तब



खेत-खलिहानों के बीच इकट्ठा होकर खेलते हुए कब बड़े हो गए, पता ही नहीं चला। थोड़े वक्त बाद जब युवा हुए, तब पढ़े-लिखे नौजवान के रूप में सेना में भर्ती होने, शिक्षक बनने और बैंक में नौकरी करने में गर्व महसूस करते थे।

अगर ज्यादा ऊंचे स्तर पर शिक्षित नहीं भी हुए तो खेती करके देश का पेट पालना अपना धर्म समझते थे। मगर आज के युवा का बचपन तकनीक में फंसकर अपनी जड़ों से दूर होकर अपने गांव और देश में न रहकर विदेश में बसना चाहता है। इस कशमकश भरी दुविधा का स्रोत पिछले कुछ समय से बन रहा ऐसा वातावरण है जो युवा के भविष्य को उज्ज्वल होने का प्रमाण पत्र नहीं देता। दूसरी ओर, बड़े हो रहे बच्चों का सवाल बुजुर्गों से यह है कि क्या हमें भी युवा होने पर हर वाजिब अधिकार के लिए सड़कों पर उतरना पड़ेगा! क्या हमें शिक्षा के बाद रोजगार की गारंटी दी जाएगी? क्या स्वच्छ वातावरण का सपना सुनिश्चित हो पाएगा? इन सवालों के जवाब बुजुर्गों के पास नहीं हैं। ऐसा लगता है कि सरकारों ने भी इस मुद्दे पर हाथ खड़े कर दिए हैं। नारों और वादों में तो सुनहरे पंजाब का नारा सुनाई देता है, लेकिन जमीनी हकीकत यह है कि युवा अपने सपने सच करने के लिए विदेश का रुख कर रहे हैं।

सवाल है कि उन सपनों में उन बुजुर्गों की जगह क्या है, जिन्होंने अपनी जिंदगी झोंक कर अपने बच्चों को सपने देखने लायक बनाया? संबंधों का महल अगर भावनाओं की बुनियाद पर टिका होता है, तो उसमें युवाओं की महत्त्वाकांक्षाओं की वह सीमा कहां है, जिसमें भावनाओं और रिश्तों के लिए भी जगह हो?

ऐसे में इस तरह सोचने वाले लोग भी होंगे ही कि काश कोई फरिश्ता आए, जो टूटते युवा और कमजोर होते बुढ़ापे का सहारा बने कुछ ऐसे कि अपनों की मद्धिम होती आंखों से कब रोशनी चली जाए, कहा नहीं जा सकता। इसका इंतजार करने की जरूरत नहीं है। समय रहते समाज और सरकारें इस मसले पर सोचें।

ऐसा न हो कि इस तरह के हालात का सामना करते हुए कोई राज्य सिर्फ बुजुर्गों की आबादी के तौर पर जाना जाने लगे और युवा अनुपस्थित दिखने लगें। कहीं यह नई संस्कृति पनप रही है कि संयुक्त परिवारों को अपने 'विकास' में बाधक मान कर युवा पीढ़ी अपने एकल परिवार के दायरे में सिमट रही है, तो कहीं अपनी जमीन ही छोड़कर बाहर जा रही है।

हालांकि आए दिन हमें बताया जाता है कि भारत युवाओं का देश है और देश इनके ही बूते हर कदम आगे बढ़ा रहा है। काफी हद तक यह बात सही है भी, लेकिन अगर युवा पीढ़ी के होने को देश की ताकत के रूप में देखा-जाना जाता है, तो उनके जीवन को बेहतर और संतोषजनक बनाने की भी जरूरत है, ताकि वे कहीं और जाने की हालत में न पहुंचे।

## संक्षिप्त समाचार

### स्पाइसजेट ने 10 विमानों के लिए लीज समझौते को दिया अंतिम रूप

**नई दिल्ली, एजेंसी।** गर्मियों की शुरुआत होने वाली है। गर्मियों के दौरान आमतौर पर लोग छुट्टियों पर जाते हैं। इस दौरान हवाई यात्राएं बढ़ जाती हैं। फ्लाइट से सफर करने वाले यात्रियों की संख्या में उछाल आ जाता है। यात्रियों की इसी मांग को देखते हुए स्पाइसजेट ने कदम उठाए हैं। यात्रियों की बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए स्पाइसजेट ने अभी से तैयारियां शुरू कर दी हैं। स्पाइसजेट



ने पीक ट्रैवल सीजन के दौरान यात्रियों को बेहतर सुविधाएं देने के लिए अपनी क्षमता को बढ़ाना शुरू कर दिया है। इसके लिए स्पाइसजेट ने 10 विमानों के लिए लीज समझौतों को अंतिम रूप दिया है। यह कदम एयरलाइन की क्षमता को 10 फीसदी तक बढ़ा देगा। इससे एयरलाइन ज्यादा यात्रियों को ले जाने में सक्षम होगी। स्पाइसजेट यह सुनिश्चित करना चाहती है कि यात्रियों की बढ़ती संख्या को देखते हुए उसके पास पर्याप्त विमान हों। एयरलाइन ने कहा है कि वह अगले कुछ महीनों में इन 10 विमानों को अपने बेड़े में शामिल करेगी। इन विमानों का इस्तेमाल भारत के विभिन्न शहरों के बीच नई उड़ानों को शुरू करने और मौजूदा उड़ानों की फ्रीक्वेंसी बढ़ाने के लिए किया जाएगा। हालिया सेटलमेंट एग्रीमेंट्स के तहत स्पाइसजेट को तीन एयरफ्रेम हासिल हुए हैं। इससे उसके बेड़े की क्षमताओं को और मजबूती मिली है।

### टेलीविजन खरीदने के लिए जेब करनी पड़ेगी ज्यादा ढीली, अप्रैल से बढ़ने वाले हैं दाम!

**नई दिल्ली, एजेंसी।** अगर आप नया टेलीविजन खरीदने का मन बना रहे हैं तो अब आपको जेब ज्यादा ढीली करनी पड़ सकती है। टीवी का पैनल बनाने में इस्तेमाल होने वाले ओपन सेल के दाम बढ़ने के कारण कंपनियां टीवी के दाम में 10 फीसदी की बढ़ोतरी करने की तैयारी में हैं ताकि लागत का बोझ कुछ कम हो सके। महामारी के बाद से ही इंडस्ट्री को कीमतों में



वृद्धि की समस्या का सामना करना पड़ रहा है और पिछले एक साल में ओपन सेल की कीमतें लगभग 30 प्रतिशत तक बढ़ गई हैं। यही देखकर टीवी पैनल बनाने वाली कंपनियां अप्रैल से दाम 10 फीसदी बढ़ाने की तैयारी में हैं। ओपन सेल टेलीविजन का प्रमुख हिस्सा होता है और उत्पादन पर होने वाले कुल खर्च में 60-65 फीसदी हिस्सेदारी इसी की होती है। इसका सबसे ज्यादा उत्पादन चीन की 4-5 कंपनियां करती हैं और ओपन सेल के दाम भी अपनी मर्जी से ही तय करती हैं। इसका दाम पिछले साल अगस्त में भी काफी बढ़ गया था लेकिन उत्पादक कंपनियों ने दाम घटाए तो इनमें कुछ नरमी आई थी।

## गोल्ड लोन देने में गड़बड़ी पर

# फाइनेंस मिनिस्ट्री ने बैंकों को किया आगाह

**नई दिल्ली, एजेंसी।** गोल्ड लोन देने के मामले में सब कुछ ठीक नहीं है। यह बात सरकार की नजर में आई है। इस बात को लेकर चिंता बढ़ी है कि उचित मात्रा में गोल्ड गिरवी रखवाए बगैर लोन दिया जा रहा है। इससे जुड़ा रिस्क सोने के दाम तेजी से चढ़ने के चलते बढ़ गया है, क्योंकि कुछ बैंक टॉप-अप लोन भी देने लगे हैं। इसे देखते हुए मिनिस्ट्री ने सभी सरकारी बैंकों को सचेत किया है। बैंकों से कहा गया है कि वे अपने गोल्ड लोन पोर्टफोलियो की जांच-पड़ताल करें और जहां भी जरूरी हो, मामला दुरुस्त करें।

गोल्ड लोन से जुड़े मामले में ही आरबीआई ने 4 मार्च को एक आदेश में आइआइएफएल फाइनेंस लिमिटेड को ऐसा लोन देने से रोक दिया था। दरअसल कुछ बैंक लेंडिंग बढ़ाने की आपाधापी में जोरशोर से गोल्ड लोन देने लगे हैं। बैंकों के गोल्ड लोन में पिछले सालभर में 17 प्रतिशत का इजाफा दर्ज किया गया है। सोने का भाव तेजी से चढ़ने के चलते गोल्ड लोन से जुड़ा रिस्क बढ़ा है। सालभर में सोने का भाव भी करीब 17 प्रतिशत चढ़ा है। हाल में एमसीएक्स पर गोल्ड का भाव 66356 रुपये के नए हाई पर चला गया था।





### मिनिस्ट्री ने बैंकों को भेजा था पत्र

मिनिस्ट्री के सूत्रों ने बताया कि गोल्ड लोन पर इंटरेस्ट तय करने में गड़बड़ी के अलावा यह भी देखा गया है कि कई मामलों में लोन देने के दिन ही या उसके कुछ ही दिनों बाद कैश रीपेमेंट के जरिए एकाउंट क्लोज कर दिया गया। इसे देखते हुए मिनिस्ट्री ने बैंकों को पिछले महीने पत्र भेजा था। उनसे कहा गया कि पहली जनवरी 2022 से लेकर 31 जनवरी 2024 तक उन्होंने जो भी गोल्ड लोन दिया है, उसकी जांच-पड़ताल करें। बैंकों से यह देखने को कहा गया है कि जो लोन दिया गया, उसके बदले सही मात्रा में कोलैटरल गोल्ड लिया गया था या नहीं। जूलरी की वैल्यू और प्योरिटी आरबीआई के नियमों के अनुसार चेक की गई थी या नहीं। बैंकों से कहा गया है कि इन दो वर्षों में जो लोन अकाउंट क्लोज किए गए, उनकी भी जांच की जाए। आरबीआई के नियमों के अनुसार, बैंक या गोल्ड लोन देने वाली फाइनैंस कंपनियां जूलरी की 75 प्रतिशत वैल्यू तक ही लोन दे सकते हैं।

### जांच करने के निर्देश

मिनिस्ट्री के सूत्रों ने बताया कि गोल्ड लोन पर इंटरेस्ट तय करने में गड़बड़ी के अलावा यह भी देखा गया है कि कई मामलों में लोन देने के दिन ही या उसके कुछ ही दिनों बाद कैश रीपेमेंट के जरिए एकाउंट क्लोज कर दिया गया। इसे देखते हुए मिनिस्ट्री ने बैंकों को पिछले महीने पत्र भेजा था। उनसे कहा गया कि पहली जनवरी 2022 से लेकर 31 जनवरी 2024 तक उन्होंने जो भी गोल्ड लोन दिया है, उसके बदले सही मात्रा में कोलेटरल गोल्ड लिया गया था या नहीं। जूलरी की वैल्यू और प्योरिटी आरबीआई के नियमों के अनुसार चेक किया गया था या नहीं। बैंकों से कहा गया है कि इन दो वर्षों में जो लोन अकाउंट क्लोज किए गए, उनकी भी जांच की जाए। आरबीआई के नियमों के मुताबिक, बैंक या गोल्ड लोन देने वाली फाइनेंशियल कंपनियां जूलरी की 75 प्रतिशत वैल्यू तक ही लोन दे सकते हैं।





# मुकेश अंबानी की रिलायंस पैरामाउंट ग्लोबल में खरीदेगी हिस्सेदारी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** मुकेश अंबानी लगातार अपने कारोबार का विस्तार कर रहे हैं। हाल ही में उन्होंने डिज्नी के साथ डील की है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, अब मुकेश अंबानी की अगुवाई वाली रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड वायकॉम-18 मीडिया में पैरामाउंट ग्लोबल की हिस्सेदारी खरीद सकती है। रिलायंस इंडस्ट्रीज पैरामाउंट ग्लोबल की कुल 13.01 प्रतिशत हिस्सेदारी को खरीदने जा रही है। दोनों कंपनियों के बीच यह डील 517 मिलियन डॉलर यानी करीब 4,286 करोड़ रुपये में हुई है। इस डील के पूरा हो जाने के बाद वायाकॉम 18 में रिलायंस की हिस्सेदारी 57.48 प्रतिशत से बढ़कर 70.49 फीसदी हो जाएगी। वायाकॉम में पैरामाउंट ग्लोबल जो 13.01 प्रतिशत हिस्सेदारी बेच रही है, वह उसके दो सब्सिडियरी कंपनियों की है। पिछले काफी दिनों से कई रिपोर्ट्स में कहा जा रहा था कि पैरामाउंट ग्लोबल इंडिया मीडिया ज्वाइंट वेंचर में अपनी हिस्सेदारी रिलायंस को बेचने पर विचार कर रही है।

डिज्नी के साथ कई अरब डॉलर के समझौते के बाद, यह कदम दिग्गज अंबानी की देश के तेजी से बढ़ते मीडिया बाजार पर पकड़ को मजबूत करेगा। बता दें कि रिलायंस इंडस्ट्रीज और डिज्नी का मर्जर पिछले महीने 28 फरवरी को अनाउंस हुआ था। पैरामाउंट ग्लोबल के पास इस डील के पूरा होने के बाद भी वायाकॉम 18 के कंटेंट के लाइसेंस का काम जारी रहेगा। पैरामाउंट के कंटेंट फिलहाल रिलायंस के जियोसिनेमा पर स्ट्रीम किए जाते हैं। रिलायंस इंडस्ट्रीज और वाल्ट डिज्नी कंपनी ने पिछले महीने घोषणा की थी कि वह भारत के टीवी और स्ट्रीमिंग मीडिया एसेट का मर्जर करने जा रही है। इससे एंटरटेनमेंट कारोबार में 70000 करोड़ रुपये की एक नई दिग्गज कंपनी का विस्तार होगा। कैलेंडर वर्ष 2024 या साल 2025 की पहली तिमाही में ज्वाइंट वेंचर का यह काम पूरा हो जाएगा।

### सबसे बड़ी कंपनी

रिलायंस भारत की सबसे बड़ी प्राइवेट सेक्टर कंपनी है, जिसका मार्केट कैप 19.52 लाख करोड़ रुपये है। 31 मार्च 2023 के अनुसार, रिलायंस का कंसोलिडेटेड रेवेन्यू 9,74,864 करोड़ है। कैश प्रॉफिट 1,25,951 करोड़ और नेट प्रॉफिट 73,670 करोड़ है।

# इंदौर के कालेजों में राजनीति

**इंदौर।** लोकसभा, विधानसभा या अन्य किसी तरह के चुनावों की सरगर्मी बढ़ती है तो राजनीति की नब्ज पहचाने वाले की डिमांड बढ़ जाती है। इंदौर के कालेजों में राजनीति विज्ञान पढ़ने वाले छात्र ट्रेंड एनालिस्ट, एग्जिट पोल, सोशल मीडिया क्षेत्र में राजनेताओं की ट्रेंड को बढ़ाने में अहम रोल निभा रहे है।यही वजह है कि पिछले 15 से 20 वर्षो में राजनीति विज्ञान पढ़ने वाले छात्रों की संख्या में इजाफा हुआ है। प्रशासकीय सेवाओं में जाने के इच्छुक छात्रों के लिए भी राजनीति विज्ञान पंसदीदा विषय बना हुआ है। एमपी पीएससी व यूपीएससी की परीक्षा देने वाले छात्र प्रतियोगी परीक्षाअें में सामान्य ज्ञान,निबंध की तैयारी के लिए इस विषय का चुनाव करते है।इंदौर के शासकीय व निजी कालेजों में स्नातक व स्नातकोत्तर कोर्स में राजनीति विज्ञान विषय पढ़ाया जाता है। पिछले वर्षो में इन कोर्स में पढ़ने वाले छात्रों की संख्या भी बढ़ी है। वर्तमान में शहर में जितने भी नए कालेज शुरु हुए है उनमें भी इस कोर्स को प्राथमिकता पर रखा गया है। एमए फाइनल ईयर के कोर्स में छात्रों को राजनीति शोध पद्धति विषय पढ़ाया जाता है।इसके साथ ही कई छात्र वर्तमान दौर में सोशल मीडिया का राजनीति में योगदान, वर्तमान संदर्भ में पंचायती राज जैसे कई विषयों पर शोध व अध्ययन कर रहे है। करीब एक दर्जन छात्र जुनियर रिसर्च फेलोशिप के तहत राजनीति विज्ञान में शोध कार्य कर रहे है। ऐसे में छात्र शोध पद्धति की तकनीक को सीख राजनीति दल व नेताओं को सहयोग करते है। इस तरह के अनुभवी छात्रों को राजनीति दल अपने आइटी सेल व ट्रेंड एनालिस्ट टीम में शामिल करते है।

# ट्रेडिंग मानसिक लड़ाई...

## गौतम अडानी ने हिंडनबर्ग तूफान का जिक्र कर सफलता का गुरुमंत्र दे दिया!





**नई दिल्ली, एजेंसी।** अडानी ग्रुप के चेयरमैन गौतम अडानी ने अपनी सफलता का राजफाश किया है। पिछले साल हिंडनबर्ग के तूफान का जिक्र कर उन्होंने वो मंत्र बता दिए हैं जिन्होंने मुश्किल समय में भी उन्हें चट्टान की तरह खड़ा रखा। गौतम अडानी ने अपने किशोरावस्था के संघर्षों के बारे में भी बताया है। उन्होंने कहा है कि हर नुकसान एक सबक सिखाता है। इससे दुखी होने के बजाय सकारात्मक तरीके से लेना चाहिए। गौतम अडानी के मुताबिक, उनकी जिंदगी में ऐसे मोड़ आए जिनकी उन्होंने कभी कल्पना तक नहीं की थी। उद्यमिता में कदम रखना भी कुछ वैसा ही था। उन्होंने जो भी कारोबार खड़े किए उनमें उम्मीद से कहीं ज्यादा मुश्किलें आईं। ये बाधाएं और रुकावटें उन्हें ज्यादा समझदार बनाती चली गईं।

### हर कारोबार खड़ा करने में आई मुश्कलि

गौतम अडानी ने बताया कि उन्होंने किशोरावस्था में उद्यमिता का सफर शुरू किया था। उद्यमिता जोखिम लेने और कभी गंवाने, कभी गिरने के साथ स्थितियों के साथ ओके रहने का नाम है। वह बोले, मुझे गिरने का कभी डर नहीं था। सभी सफलता अपनी चुनौतियों के साथ आती हैं। इसी तरह हर गिरावट अपने साथ दर्द लाती है। लेकिन हर बढ़त अपने साथ फायदा लाती है। इस लाभ को लचीलापन कहा जाता है। गौतम अडानी के अनुसार, उन्होंने जो भी व्यवसाय खड़े किए हैं वह उनकी अपेक्षा से कहीं ज्यादा मुश्किल थे।

### अडानी ने साझा कए जिंदगी के कई अनुभव

मायानगरी मुंबई में आयोजित एक कार्यक्रम में गौतम अडानी ने अपनी जिंदगी के कई अनुभव साझा किए। उन्होंने शेयर बाजार का जिक्र करते कहा, ट्रेडिंग एक मानसिक लड़ाई है। यह बाजार के साथ भी चलती है और खुद के साथ भी। हर नुकसान सबक सिखाता है। प्रत्येक लाभ ज्ञान देता है। यह मंत्र हमेशा मेरे साथ रहा है। दिग्गज कारोबारी ने बताया कि उन्होंने डायमंड बिजनेस में मुंबई में चार साल तक काम किया। मुंबई को अनोखी जगह बताते हुए वह बोले कि यह ऐसा शहर है जहां हर दिल की धड़कन गूंजती है - बड़ा सोचो, बड़ा सपना देखो। वास्तव में मुंबई ने उन्हें सिखाया कि क्या आकांक्षाएं रखनी हैं। गौतम अडानी ने कहा कि इसके बाद जब वह 19 साल के होने वाले थे और मुंबई में बसने की सोच रहे थे तो जिंदगी में एक अप्रत्याशित मोड़ आया। वह बोले, मेरे बड़े भाई ने एक छोटे पैमाने की पीवीसी फिल्म फैक्ट्री चलाने में सहायता करने के लिए मुझे वापस बुलाया। इस फैक्ट्री को उन्होंने अहमदाबाद के पास खरीदा था। भारी आयात प्रतिबंधों के कारण कच्चे माल की कमी के कारण व्यवसाय चुनौतीपूर्ण था।

# बैंक ऑफ इंडिया और बंधन बैंक पर आरबीआई का एक्शन, दोनों पर लगाया भारी जुर्माना

**मुंबई, एजेंसी।** बैंक ऑफ इंडिया और बंधन बैंक के खिलाफ भारतीय रिजर्व बैंक ने एक्शन लिया है। केंद्रीय बैंक ने कुछ नियामकीय मानदंडों का पालन नहीं करने को लेकर दोनों बैंकों पर जुर्माना लगाया है। बैंक ऑफ इंडिया पर बैकिंग रेगुलेटर ने 1.4 करोड़ की पेनाल्टी लगाई है। वहीं, कुछ निर्देशों का अनुपालन नहीं करने के लिए निजी क्षेत्र के बंधन बैंक पर भी 29.55 लाख रुपये का जुर्माना लगाया है। आरबीआई ने बुधवार को यह जानकारी दी।





भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने कहा कि उसने कुछ रेगुलेटरी नॉर्म्स का पालन नहीं करने को लेकर बैंक ऑफ इंडिया पर 1.4 करोड़ रुपये का जुर्माना लगाया है। इसी तरह कुछ निर्देशों का अनुपालन नहीं करने के लिए निजी क्षेत्र के बंधन बैंक पर भी 29.55 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया है। बैंक ऑफ इंडिया पर जुर्माना जमा पर ब्याज दर, बैंकों में ग्राहक सेवा, कर्ज पर ब्याज दर और क्रेडिट सूचना कंपनी नियम, 2006 के प्रावधानों के उल्लंघन से संबंधित रिजर्व बैंक के निर्देशों का पालन नहीं करने के लिए लगाया गया है।

**इंडोस्टार कैपिटल फाइनेंस के खलिाफ भी एक्शन-** इस बीच रिजर्व बैंक ने यह भी कहा कि इंडोस्टार कैपिटल फाइनेंस लिमिटेड पर एनबीएफसी (रिजर्व बैंक) दिशानिर्देश, 2016 में धोखाधड़ी की निगरानी और केवाईसी निर्देशों के कुछ प्रावधानों का अनुपालन नहीं करने पर 13.60 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया है।

## संकट के बीच पेटीएम को बड़ी राहत

# आरबीआई की डेडलाइन से पहले एसबीआई से मिलाया हाथ

**नई दिल्ली, एजेंसी।** संकट में फंसी फिनटेक कंपनी पेटीएम ने आखिरकार 15 मार्च की डेडलाइन से पहले अपना पार्टनर बैंक चुन लिया है। पेटीएम की पैरेंट कंपनी वन 97 कम्युनिकेशंस ने देश के सबसे बड़े बैंक स्टेट बैंक ऑफ इंडिया से हाथ मिलाया है। पेटीएम का यूपीआई बिजनेस अभी तक उसकी सब्सिडयरी पेटीएम पेमेंट्स बैंक पर निर्भर था। रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया द्वारा पेमेंट्स बैंक पर बिजनेस बैन लगाने के बाद से पेटीएम किसी पार्टनर बैंक की तलाश में थी। अब एसबीआई के साथ मिलकर पेटीएम थर्ड पार्टी एप प्रोवाइडर बन सकेगी।





**ओसीएल ने नोडल अकाउंट एक्सिस बैंक को सौंपा-** एक रिपोर्ट मुताबिक, इससे पहले पेटीएम ने एक्सिस बैंक, यस बैंक और एचडीएफसी बैंक के साथ टीपीएपी पार्टनरशिप के लिए हाथ मिलाया था। एक दिन पहले आई रिपोर्ट में यही बैंक पेटीएम के साथ गठजोड़ करने की दिशा में सबसे आगे बताए जा रहे थे। पिछले महीने वन 97 कम्युनिकेशंस ने अपना नोडल या एस्क्रो अकाउंट एक्सिस बैंक को सौंप दिया था। कंपनी ने इसकी जानकारी बीएसई को भी दी थी। इसकी मदद से पेटीएम के जरिए डिजिटल पेमेंट स्वीकार कर रहे मर्चेंट्स 15 मार्च की डेडलाइन के बाद भी काम कर सकेंगे।भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) ने पेटीएम फास्टैग उपयोगकर्ताओं को सुगम यात्रा अनुभव सुनिश्चित करने और टोल प्लाजा पर असुविधा से बचने के लिए 15 मार्च से पहले किसी अन्य बैंक से नया फास्टैग लेने की सलाह दी है। बुधवार को जारी आधिकारिक बयान में कहा गया कि इससे यात्री राष्ट्रीय राजमार्गों पर यात्रा करते समय जुर्माने या दोहरे शुल्क से बच सकेंगे।

# Sora: OpenAI says it will release te&t-to-video AI model in a few months

OpenAIÓs te&t-to-video generator AI model Sora will be available to the public in the coming months. Chief technology officer of OpenAI, Mira Murati, in an interview with The Wall Street Journal said that the AI powered video generation model will be made available to the public "definitely this year", likely in "a few months."

Responding to a question related to computational power required for Sora in comparison to companyÓs other products like ChatGPT and DALL-E, Murati said that the video generation model is currently a "research output" and is "much more e&pensive". She added, the company is currently working on optimising Sora so that it could be made available to the public "at similar cost eventually to what we saw with DALL-E."

Murati said that the company is considering "the issues of misinformation and harmful bias" that the video generator might cause, especially with the US election in November. "We will not be releasing anything that we don't feel confident on when it comes to how it might affect global elections," she added.

Sora is currently under the "Red Teaming" process, which is the testing stage where the AI tool is tested by people to identify vulnerabilities, biases and other harmful issues. Responding to questions regarding the limits of the model, Murati said that the company wants to keep consistency on their platform. She said that just like with the companyÓs image generator model DALL-E, Sora will likely have "a similar policy" such as restrictions on generating images of public figures. Murati confirmed that "publicly available" videos and licensed video from Shuttershock were used as part of the training data for the video generation model. However, when asked if videos from YouTube, Facebook and Instagram were used in training, Murati said that if they were publicly available to use, they might have, but she cannot say with certainty.



# कितना सही है नाश्ते में दही लेना

**नाश्ते में हम सभी कुछ ऐसा खाना पसंद करते हैं, जो खाने में टेस्टी हो और हमारे शरीर को पूरा दिन काम करने की एनर्जी देता रहे। ऐसे में ज्यादातर लोग किसी ना किसी रूप में नाश्ते में दही खाना पसंद करते हैं। लेकिन क्या नाश्ते में दही लेना एक स्वस्थ विकल्प है**

## पाचक होती है लेकिन नींद दिलाती है

- यदि आपके दिन शुरुआत ही दही के साथ हो रही है तो यह आपको एनर्जी देने के स्थान पर नींद दिला सकती है और शरीर में सुस्ती बढ़ा सकती है। इसलिए दही कभी भी आपके फर्स्ट फूड का भाग नहीं होना चाहिए। हालांकि दही नाश्ते का एक शानदार हिस्सा है। यदि आप इसे खाते समय कुछ खास बातों का ध्यान रखते हैं तब.

## समझे विरोधी बातों का अर्थ

- एक तरफ तो हम कह रहे हैं कि दही नाश्ते में खाना अच्छा है। वहीं दूसरी तरफ यह भी कह रहे हैं कि इसे खाने से सुस्ती बढ़ सकती है। दरअसल, ये दोनों ही बातें सही हैं। दही खाने पर आपको एनर्जी मिलेगी या सुस्ती आएगी, यह इस बात पर निर्भर करता है कि दही खाने का आपका तरीका क्या है।

## इस तरह खाएं और इस तरह ना खाएं दही

- आप नाश्ते में चपाती, पराठा, चिल्ला आदि के साथ दही खा सकते हैं। एक कटोरी दही का सेवन नाश्ते में करना शरीर के लाभकारी होता है और पाचनतंत्र को सही करता है। साथ ही शरीर को दिनभर के लिए ऊर्जा देने में लाभकारी होता है।
- लेकिन नाश्ते में दही का सेवन तभी करना चाहिए जब आप सुबह के समय नाश्ते से पहले कुछ खा या पी चुके हों। जैसे, सुबह की शुरुआत आपने पानी के साथ की हो और फिर चाय-टोस्ट, स्प्राउट्स या ड्राईफ्रूट्स आदि खाए हों। इसके एक घंटे बाद यदि आप नाश्ते में दही का सेवन करते हैं तो आपको नींद नहीं आएगी। आपको गैस बनने की समस्या है तो इन 5 सब्जियों से बचना चाहिए

## खाली पेट नहीं खानी चाहिए दही

- सुबह के समय आप नाश्ते में केवल मीठी दही का उपयोग कर सकते हैं। खट्टी दही खाने से परहेज करें। साथ ही नाश्ते में दही खाते समय आप इसमें एक चम्मच शक्कर मिला सकते हैं। यदि आपको शुगर की समस्या नहीं है तब।
- दिन की शुरुआत यदि किसी भी कारण देरी से हुई हो और आपके पास नाश्ता करने का समय ना हो तो भूलकर भी खाली दही ना खाएं। यदि आप खाली पेट दही खाते हैं तो आपको जबदस्त नींद आएगी और आप खुद को बहुत थका हुआ अनुभव करेंगे।
- ऐसा इसलिए होता है क्योंकि खाली पेट दही खाने से कुछ लोगों को ब्लड प्रेशर कम होने की समस्या हो जाती है। इससे शरीर में ब्लड का फ्लो कम होता है और ऑक्सीजन का स्तर घटने लगता है। यही कारण है कि बहुत तेज नींद आती है और बेहोशी जैसा अनुभव होता है।



# करामाती है मटके के पानी इस तरीके से पीने पर गायब होंगी 17 बीमारी

**आजकल सबसे पहले इंसान चाय-कॉफी पीता है मगर पहले के लोग पानी पीते थे। आयुर्वेद कहता है आपको सूरज से भी पहले उठना चाहिए और तुरंत मटके का पानी पीना चाहिए। ये काम करने से 17 खतरनाक बीमारी खत्म हो जाती हैं।**

मोटापा, हाई ब्लड प्रेशर, हाई कोलेस्ट्रॉल, डायबिटीज, पाइल्स से परेशान लोगों की संख्या बढ़ चुकी है। इन्हें ठीक करने के लिए केवल दवाई लेना जरूरी नहीं है। पानी पीकर इन जैसी 18 बीमारियों से छुटकारा पाया जा सकता है। इसके फायदों के बारे में कवि घाघ लिखते हैं प्रात समै खटिया से उठीकै, पिवै ठंडा पानी। ता घर वैद कबौ नहीं आवै, बात घाघ की मानी।।

कवि घाघ कहते हैं कि सुबह सवेरे उठकर तुरंत बासी मुंह मटके का पानी पीकर फायदे मिलते हैं। यह कई सारी बीमारियों को दूर करता है और वैद्य के पास जाने की कभी जरूरत नहीं पड़ेगी। आयुर्वद में भाव मिश्र ऋषि ने बताया है कि यह पानी कितने सारे रोगों में फायदेमंद साबित हो सकता है।

## बासी मुंह पानी पीने के फायदे

बासी मुंह मटका का पानी 18 बीमारियों का इलाज कर सकता है। जिसमें बवासीर की सूजन, आईबीएस, बुखार, पेट के विकार, जल्दी बुढ़ापा, कुष्ठ त्वचा विकार, मेदोरोग- फैट मेटाबोलिज्म, डायसुरिया, हेमरेजिक डिसऑर्डर, कान के विकार, गले के विकार, सिर के विकार, कमर के विकार, आंख के विकार, वात विकार, पित्त विकार और कफ विकार आते हैं।

## ऐसे करें ये आयुर्वेदिक उपाय

इस उपाय को सुबह सवेरे करना होता है जब आप सोकर उठते हैं। उसमें भी सूरज निकलने से पहले ये उपाय करना ज्यादा फायदेमंद होता है। इसे उठने के तुरंत बाद करना चाहिए, लेकिन कुछ लोगों के लिए तरीके में बदलाव होता है।

## कब नुकसान करता है मटके का पानी?


आयुर्वेदिक एक्सपर्ट के मुताबिक, गर्मी में मटके का पानी पीना चाहिए मगर कफ विकार के रोगी इससे दूर रहें। ऐसे लोग और ठंड में हल्का गुनगुना पानी पी सकते हैं। लेकिन पित्त विकार के रोगियों के लिए गुनगुना पानी नुकसानदायक है।

## ऐसे दिखाता है करामाती असर

जब आप सबसे पहले पानी पीते हैं तो शरीर साफ होने लगता है। आंतों से टॉक्सिन निकलकर रेक्टम तक पहुंच जाते हैं। जिससे पेट आसानी से साफ होता है। कब्ज, डायजेस्टिव ट्रैक्ट और ब्लैडर साफ होने से कई सारी बीमारियां खत्म हो जाती हैं।

## कितना पानी पीना चाहिए?

हर किसी के लिए पानी की मात्रा अलग होती है। यह आपकी आदत के मुताबिक हो सकती है। मगर शुरुआत में 1-2 लीटर पानी पीने से बचें। आप इस हेल्दी आदत की शुरुआत 1-2 गिलास पानी से शुरू कर सकते हैं।



# अपच और बदहजमी से बचाती है हरण


**बदहजमी एक ऐसी समस्या बन गई है, जिससे हर दूसरा व्यक्ति परेशान है। इसकी वजह है शारीरिक गतिविधि में कमी के कारण भोजन का सही तरह से पाचन ना हो पाना और शरीर से वायु तथा अपशिष्ट पदार्थों का पूर्ण रूप से बाहर ना आ पाना। इस स्थिति में शारीरिक गतिविधियों की कमी के चलते बदहजमी और अपच की समस्या लगातार बढ़ रही है।**

## जगह की कमी है तो क्या करें?

- हर समय ना तो हमारे शरीर में इतनी ताकत होती है कि हम घर की बालकनी या लॉबी में ही चहलकदमी कर सकें और मेट्रो सिटीज के ज्यादातर घरों में इतनी जगह होती ही नहीं है कि आप वहां फिजिकल ऐक्टिविटीज करने के बारे में सोच सकें। लेकिन पाचन सही रखने के लिए तो ऐक्टिव रहना जरूरी हैअब क्या करें?
- अगर पाचन कमजोर पड़ा तो संक्रमण को हावी होने में समय नहीं लगेगा। इस स्थिति में जरूरी है कि कुछ ऐसे काम किए जाएं, जो आसान भी हों और प्रभावी भी। तो इनमें पहला काम है हरड़ चूसना और दूसरा काम है वज्रासन में बैठना।
- अगर आप भी घर में स्पेस की कमी के चलते खुद को फिजिकली ऐक्टिव नहीं रख पा रहे हैं तो हरड़ और वज्रासन आपके पाचन को सही रखने में आपके लिए सहायक रहेंगे।
- आप खाना खाने के बाद हरड़ की एक गोली लेकर उसे टॉफी की तरह चूसते रहें। साथ ही इस दौरान वज्रासन में बैठे रहें। इससे आपके पेट में अतिरिक्त गैस और फैट जमा नहीं होगा। ये दोनों चीजें आपको बदहजमी से बचाएंगी और पाचन को सही रखने में मदद करेंगी।

## कहां मिलेगी हरड़?

- हरड़ आपको किसी भी उस मेडिकल स्टोर पर मिल सकती है, जहां आयुर्वेदिक दवाएं मिलती हैं। इसके साथ ही इंडियन फूड स्टोर्स पर भी आपको हरड़ आराम से मिल जाएगी।
- यह स्वाद में किसी हल्की मसालेदार टॉफी की तरह होती है और इसमें हल्का कसैला स्वाद भी होता है। आप इसे चूसकर खाएंगे तो जल्द लाभ होगा यदि दिक्कत हो तो आप इसे फटाफट चबाकर खाएं और फिर एक-दो घूंट पानी पी लें।





# साइलेंट किलर है हेपेटाइटिस बी

**खाना पचाने और हेल्दी कोलेस्ट्रॉल बनाने के लिए लिवर जरूरी है। मगर हेपेटाइटिस बी के कारण कुछ ही दिनों में यह फेल हो सकता है, इसलिए इन लक्षणों को कभी नजरअंदाज ना करें।**

पेट के ठीक ऊपर हमारा लिवर होता है, जो खाना पचाने में मदद करता है। बहुत कम लोग जानते हैं कि ये अंग शरीर में हेल्दी कोलेस्ट्रॉल का निर्माण भी करता है, जो कि गंदे कोलेस्ट्रॉल को भी निकालता है। लिवर का स्वस्थ रहना हमारी सेहत के लिए बहुत जरूरी है। हेपेटाइटिस एक वायरल इंफेक्शन है, जिसके कई सारे टाइप होते हैं। जो कि लिवर के टिश्यू में इंफ्लामेशन आने से होता है। डब्ल्यूएचओ कहता है कि हेपेटाइटिस का बी वायरस इसका सबसे खतरनाक प्रकार है और यह जानलेवा साबित हो सकता है। यह बिना बताए लिवर इतना खराब कर देता है कि अंग फेल भी हो सकता है। विश्व स्वास्थ्य संगठन कहता है कि अधिकतर लोगों में हेपेटाइटिस बी की शुरुआत होने पर कोई लक्षण नहीं दिखता है। जिसकी वजह से इसे पकड़ना काफी मुश्किल हो जाता है और इस वायरस से लिवर सिरोसिस व लिवर कैंसर का खतरा बढ़ जाता है। बता दें कि इसके लक्षण दिखने में 30 से 180 दिन लग सकते हैं और तबतक बीमारी काफी बढ़ जाती है।

## नजरअंदाज ना करें ये चीजें

डब्ल्यूएचओ के मुताबिक ही कुछ लोगों में या बीमारी के गंभीर होने पर मरीज को कुछ दिक्कतें होने लगती हैं, जिसे अधिकतर लोग आम समझ लेते हैं। मगर इन्हें नजरअंदाज करना भारी हो सकता है, इसलिए इन लक्षणों के दिखने पर डॉक्टर के पास जरूर जाएं।

## हेपेटाइटिस बी के लक्षण

- त्वचा पीली पड़ना
- आंखें पीली होना
- पेशाब का रंग बदलना
- बहुत ज्यादा थकान होना
- जी मिचलाना
- उल्टी
- पेट में दर्द होना

## कुछ ही दिनों में फेल हो सकता है लिवर

हेपेटाइटिस बी का इलाज ना करवाने पर कुछ लोगों में एक्यूट लिवर फेलियर हो सकता है। ये समस्या काफी घातक होती है, क्योंकि इसकी वजह से कुछ ही दिनों या हफ्तों में लिवर काम करना पूरी तरह बंद कर देता है।

## गर्भवती महिला और नवजात को अधिक खतरा

वर्ल्ड हेल्थ ऑर्गनाइजेशन बताता है कि डिलीवरी के दौरान महिला से शिशु को हेपेटाइटिस बी होना काफी आसान है। वहीं, 5 साल तक के बच्चों को भी इसका खतरा अधिक होता है।

## हेपेटाइटिस बी कैसे फैलता है?

यह खतरनाक वायरस संक्रमित खून, सुई, टैटू, कान-नाक छिदवाना या सेमिनल फ्लूइड के संपर्क में आने से फैलता है। इसका वायरस शरीर से बाहर 7 दिनों तक जिंदा रह सकता है।



# विटामिन-सी की कमी को पूरा करेंगे ये 5 फल

शरीर को वक्त-वक्त पर हर तरह के विटामिन की जरूरत पड़ती है। शरीर में इसकी कमी होने पर उसका असर हेल्थ पर पड़ने लगाता है और काम पर भी प्रभाव पड़ने लगता है। हालांकि भारत जैसे देश में हर चीज के कई सारे विकल्प मौजूद होते हैं इसलिए अधिक परेशानी भी नहीं होती है। लेकिन कहते हैं संतरे में विटामिन सी की प्रचुर मात्रा पाई जाती है लेकिन अगर वह नहीं मिलते हैं तो अन्य फलों का सेवन कर सकते हैं। इससे आपको विटामिन सी की कमी नहीं होगी। तो आइए जानते है संतरे के बजाए किन फलों से विटामिन-सी बढ़ता है

- **मनुक्का दाख-** मनुक्का से खून जरूर बढ़ता है। साथ ही इसमें मौजूद तत्व में विटामिन सी की मात्रा भी पूरी होती है। इसलिए आप इसे पानी में गलाकर इसका सेवन कर सकते हैं। कमजोरी लगने पर आप मनुक्का पर काला नमक लगाकर भी खा सकते हैं।
- **अंगूर-** जी हां, अंगूर में भी विटामिन सी की भरपूर मात्रा पाई जाती है। इसके सेवन से टीबी और कैंसर जैसी बीमारी में भी निजात मिलती है। संतरे की जगह पर आप इसे आराम से खा सकते हैं।
- **नींबू-** नींबू को संतरे का पर्याय कहना गलत नहीं होगा। जी हां, इसमें अधिक मात्रा में विटामिन सी पाया जाता है। कई बार नींबू खाने मात्र से हड्डियां और मांसपेशियां दुखने में आराम मिलता है।
- **स्ट्रॉबेरी-** इसमें विटामिन सी की 847 मिलीग्राम मात्रा पाई जाती है। इसके सेवन से आपको काफी राहत मिलेगी। डॉक्टर भी इसका सेवन करने की सलाह देते हैं।
- **ब्रोकली-** आज के टाइम में यह काफी ट्रेंडिंग फूड बन गया है। यूथ इसका सेवन बड़े शौक से करते हैं। इसमें करीब 132 मिली ग्राम विटामिन सी पाया जाता है। इसके सेवन से कई जानलेवा बीमारियों से भी निजात मिलती है।

# घरेलू उपचार से कब्ज की समस्या का छुटकारा

**कब्ज की समस्या को दूर करने के लिए यहां पर आपको ऐसे घरेलू नुस्खे के बारे में बताया जाएगा, जिसका सेवन करने से आपको प्रभावी रूप से फायदा मिलेगा। इतना ही नहीं, इसके दुष्प्रभाव का जोखिम भी काफी कम है।**

कब्ज एक ऐसी समस्या है जो आजकल न केवल बुजुर्गों को बल्कि युवाओं को भी परेशान करने लगी है। खान-पान में अनियमितता और डायट में गड़बड़ी के कारण आपको भी कभी न कभी कब्ज की समस्या से जूझना पड़ा होगा। इस समस्या से निजात पाने के लिए कई प्रकार के घरेलू नुस्खे आप जानते होंगे। लेकिन आज यहां आपको एक खास नुस्खे के बारे में बताया जाएगा, जो थोड़ी ही देर में फायदा पहुंचा सकता है। इस नुस्खे को तैयार करने के लिए आप किचन में ही मौजूद सामग्रियों का उपयोग कर सकते हैं। इसके साथ-साथ इसका सेवन करने से आपको किसी प्रकार के गंभीर जोखिम का खतरा भी न के बराबर होता है। आइए अब इसके बारे में अब विस्तारपूर्वक बताते हैं.इस घरेलू नुस्खे को तैयार करने के लिए यहां पर आपको सबसे पहले सामग्री और उसे तैयार करने की विधि के बारे में बताया जा रहा है।



**सामग्री** - 2 गिलास पानी, चम्मच जीरा, चुटकी भर काला नमक

**बनाने की विधि** - सबसे पहले पानी में जीरे को लगभग 5 मिनट तक उबालें। इस पानी को छानकर एक गिलास में रखें और ऊपर से चुटकी भर नमक मिलाएं। हल्का ठंडा हो जाने पर घूंट-घूंट कर इसका सेवन करें।

रणजी ट्रॉफी फाइनल

# विदर्भ को हरा 42वीं बार मुंबई बनी चैंपियन

## अक्षय वाडेकर के शतक पर फिरा पानी




**नईदिल्ली, एजेंसी।** रणजी ट्रॉफी फाइनल 2024 में विदर्भ को हराकर अजिंक्य रहाणे की कप्तानी वाली मुंबई की टीम 42वीं बार चैंपियन बनी। उसने 8 साल का सूखा खत्म किया। इससे पहले वह 2015-16 में चैंपियन बनी थी। मुंबई की टीम 48वीं बार रणजी फाइनल में पहुंची थी। वहीं विदर्भ 3 बार फाइनल में पहुंचा था। पहली पारी में 105 रन पर आउट होने के बाद विदर्भ ने दूसरी पारी में जबरदस्त लड़ाई दिखाई।

538 रन के टारगेट के जवाब में विदर्भ ने कप्तान अक्षय वाडेकर के शतक के अलावा करुण नायर और हर्ष दुबे के अर्धशतक की मदद से मैच को रोमांच बना दिया था। मैच के 5वें दिन गुरुवार (14 मार्च) को पहले सेशन में अक्षय वाडेकर और हर्ष दुबे ने शानदार बल्लेबाजी की। एक भी विकेट नहीं गिरने दिया। इसे देखकर ऐसा लगा मानो मैच किसी भी ओर जा सकता है। लंच के बाद अक्षय वाडेकर का विकेट गिरा और फिर बल्लेबाजों ने लाइन लगा दी।

विदर्भ को छठा झटका 353 रन पर लगा। इसके बाद टीम 368 रन पर आउट हो गई। उसने 15 रन के अंदर 5 विकेट गंवा दिए। पांचों विकेट 5 ओवर के अंदर गिर गए। मुंबई के लिए तनुष कोटियान ने सबसे ज्यादा 4 विकेट लिए। इसके अलावा तुषार देशपांडे और मुशीर खान ने 2-2 विकेट लिए। शम्स मुलानी और धवल कुलकर्णी ने 1-1 विकेट लिया।



# रणजी ट्रॉफी खेलना पड़ा श्रेयस अय्यर को भारी!

## आईपीएल 2024 से पहले उनकी इंजरी ने बढ़ाई केकेआर की मुश्किलें



**नईदिल्ली, एजेंसी।** श्रेयस अय्यर को लेकर पिछले दिनों काफी चर्चा हुई, क्योंकि उनको और ईशान किशन को बीसीसीआई ने सेंट्रल कॉन्ट्रैक्ट की लिस्ट से बाहर कर दिया था। श्रेयस अय्यर को लेकर बीसीसीआई का मानना था कि उन्होंने रणजी ट्रॉफी को तवज्जो नहीं दी और वे आईपीएल 2024 की तैयारियों के लिए कोलकाता नाइट राइडर्स यानी केकेआर के कैंप में पहुंच गए।

श्रेयस अय्यर ने मुंबई के लिए रणजी ट्रॉफी का क्वॉर्टर फाइनल इसलिए छोड़ा था, क्योंकि उनको पीठ में दर्द था। हालांकि, नेशनल क्रिकेट एकेडमी यानी एनसीए का मानना था कि वे पूरी तरह फिट हैं, लेकिन मुंबई के वानखेड़े में रणजी ट्रॉफी 2024 के फाइनल में श्रेयस अय्यर की बैक इंजरी फिर से उभर आई।

दाएं हाथ के इस बल्लेबाज ने विदर्भ के खिलाफ खिताबी मैच में 95 रनों की पारी खेली, लेकिन इसी पारी के दौरान उनकी पीठ की चोट फिर से उभर आई है। पिछले साल उन्होंने इस चोट की सर्जरी कराई थी और अब इसी चोट के कारण वे आईपीएल 2024 के कुछ मैच मिस कर सकते हैं। ये कोलकाता नाइट राइडर्स के लिए एक बड़ा झटका है, क्योंकि वे टीम के कप्तान हैं। टूर्नामेंट को शुरू होने में अब 8 ही दिन बाकी हैं और टीम को अपना मैच 23 मार्च को खेलना है, जिसमें केवल नौ दिन बचे हैं। इससे पहले एक अहम खिलाड़ी का चोटिल होना केकेआर के लिए तो झटका है ही, साथ ही बीसीसीआई और एनसीए के रवैये पर भी सवाल खड़े होते हैं।

मंगलवार को अपनी 111 गेंदों की पारी के दौरान श्रेयस अय्यर को पीठ के दर्द के लिए दो बार मुंबई के फिजियो से इलाज लेना पड़ा। रणजी ट्रॉफी फाइनल के चौथे दिन बुधवार को 29 वर्षीय खिलाड़ी पूरे दिन मैदान पर नहीं उतर सके।

रिपोर्ट की मानें तो अय्यर अपनी पीठ के स्कैन के लिए एक अस्पताल गए थे। एक सूत्र ने बताया, चोट अच्छी नहीं लग रही। यह वही पीठ की चोट है, जो बढ़ गई है। इसकी संभावना नहीं है कि वह रणजी ट्रॉफी फाइनल के पांचवें दिन मैदान पर उतरेंगे। उन पर आईपीएल के शुरुआती मैच मिस करने का खतरा मंडरा रहा है।

## डब्ल्यूपीएल 2024

# दिल्ली कैपिटल्स ने गुजरात जायंट्स को 7 विकेट से हराकर फाइनल में जगह पक्की की

**नई दिल्ली, एजेंसी।** यहां के अरुण जेटली स्टेडियम में बुधवार को दिल्ली कैपिटल्स ने महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) के आखिरी लीग मैच में गुजरात जायंट्स पर सात विकेट की शानदार जीत के साथ फाइनल में अपनी जगह पक्की कर ली। शुरुआती ओवरों में मारिजैन कप्प के आक्रामक स्पैल ने तीन महत्वपूर्ण विकेट लेकर जाइंट्स के शीर्ष क्रम को झकझोरकर रख दिया। जेस जोनासेन के साथ उनकी साझेदारी ने विपक्षी टीम को और ध्वस्त कर दिया, जिससे जाइंट्स का स्कोर पांच ओवर के भीतर तीन विकेट पर 16 रन हो गया।

टीटास साधु की ओर से ऑफस्पिनर मिन्नू मणि ने पांच गेंदों के अंदर दो विकेट लिए, जिससे जायंट्स की पारी आधी होने के बाद उनका स्कोर पांच विकेट पर 48 रन हो गया। उन्होंने एशले गार्डनर को बोल्ड किया, जो ग्रिप और टर्न के साथ स्टंप्स से जा टकराया और फिर फीबी लीचफील्ड को मिड-ऑन पर राधा यादव ने कैच कर लिया।

भारती फुलमाली और कैथरीन ब्राइस के प्रतिरोध के बावजूद, जिन्होंने सराहनीय 68 रनों की साझेदारी की, दिग्गजों की पारी कभी भी गति हासिल नहीं कर पाई। फुलमाली ने 36 गेंदों में 42 रन की पारी में सात चौके लगाए और अपनी टीम के लिए सर्वाधिक स्कोर बनाया। शिखा पांडे की देर से की गई दो तेज विकेटों की बदौलत कैपिटल्स का नियंत्रण बना रहा और जाइंट्स को 20 ओवरों में 126 के मामूली स्कोर पर रोक दिया।

127 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए दिल्ली कैपिटल्स ने अपना दबदबा कायम रखा। मेग लैनिंग और शेफाली वर्मा ने शानदार शुरुआत देते हुए केवल तीन ओवर में बिना किसी नुकसान के 31 रन बना लिए, जबकि लैनिंग का कैमियो एक रन-आउट द्वारा छोटा कर दिया गया। शेफाली ने अपना आक्रमण जारी रखा, शानदार स्ट्रोकप्ले का प्रदर्शन करते हुए शानदार अर्धशतक बनाया।जेमिमा रोड्रिग्स की मदद से शेफाली ने लगातार आक्रामकता के साथ कैपिटल्स को जीत की ओर अग्रसर किया। 37 गेंदों में 71 रन की शानदार पारी खेलने के बाद शेफाली के आउट होने के बावजूद रोड्रिग्स ने प्वाइंट के जरिए अच्छी बाउंड्री लगाकर टीम को जीत दिलाई।इस जोरदार जीत के साथ दिल्ली कैपिटल्स ने तालिका में शीर्ष स्थान हासिल किया और अंतिम मुकाबले में सीधे प्रवेश हासिल कर लिया। उनका प्रभावशाली प्रदर्शन उनके खिताब की साख को रेखांकित करता है, जो मुंबई इंडियंस या रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर के खिलाफ चैंपियनशिप के निर्णायक मुकाबले में एक रोमांचक संघर्ष के लिए मंच तैयार करता है।

**संक्षिप्त स्कोरः** गुजरात जायंट्स ने 20 ओवर में 9 विकेट पर 126 रन (भारती फुलमाली 42, कैथरीन ब्राइस 28 नाबाद, मिन्नू मणि 2-9, मारिजैन कप्प 2-17, शिखा पांडे 2-23) दिल्ली कैपिटल्स से 13.1 ओवर में 3 विकेट पर 129 रन से हार गए (शेफाली वर्मा) 71, जेमिमा रोड्रिग्स 38*, तनुजा कंवर 2-20) सात से।

# अकरम ने पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड की ही कर दी बेइज्जती



**इस्लामाबाद, एजेंसी।** धर्मशाला स्थित हिमाचल प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन स्टेडियम दुनिया में क्रिकेट के सबसे खूबसूरत मैदानों में से एक है। हिमालय की तलहटी में स्थित यह मैदान समुद्र तल से 1457 मीटर की ऊंचाई पर है। इसकी प्राकृतिक सुंदरता को न केवल भारतीय, बल्कि दौरा करने वाली टीमों के प्रशंसकों ने भी सराहा है।

हालांकि, जब एक प्रशंसक ने ए स्पोर्ट्स पर पाकिस्तान के पूर्व क्रिकेटर वसीम अकरम से सवाल किया, 'हमने धर्मशाला और क्वींसटाउन (न्यूजीलैंड) जैसे स्टेडियम देखे हैं तो पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) उत्तरी क्षेत्रों में स्टेडियमों के बुनियादी ढांचे में निवेश क्यों नहीं करता है?' इस पर अकरम ने सवालिया लहजे में जवाब देते हुए कहा, 'हम तीन स्टेडियमों का रखरखाव भी नहीं कर सकते। बाकी कहा नया बना लेंगे?' वसीम अकरम ने कहा, 'क्या आपने गद्दाफी स्टेडियम की छत देखी है जिसे वे ड्रोन से दिखा रहे थे? हमारे पास जो तीन हैं हम उन्हें ही मेंटेन नहीं कर सकते। हम केवल नया बनाने का सपना ही देख सकते हैं।

हालांकि, हमारे पास नया स्टेडियम बनाने के लिए पर्याप्त जगह है। एबटाबाद एक बहुत ही खूबसूरत मैदान है। धर्मशाला में हिमाचल प्रदेश क्रिकेट स्टेडियम का निर्माण रातोंरात नहीं हुआ। इस परिदृश्य को एक अंतरराष्ट्रीय सुविधा के रूप में विकसित होने में एक दशक लग गया। यह एक ऐसी परियोजना थी जो धन की कमी और क्षेत्रीय राजनीति के कारण विलंबित हो गई थी।

यह काफी हद तक स्थानीय क्रिकेट एसोसिएशन और एक वास्तुकार के प्यार का नतीजा था जो सूक्ष्मता, अनुपात और अपनी रचनाओं को प्रकृति में सहजता से मिश्रित करने में विश्वास करता था।

# डच फुटबॉलर क्विंसी प्रॉम्स दुबई में गिरफ्तार



**हेग, एजेंसी।** ड्रग्स की तस्करी और अपने चचेरे भाई पर चाकू से हमला करने के दोषी डच फुटबॉलर क्विंसी प्रॉम्स को डच अधिकारियों के अनुरोध पर दुबई में गिरफ्तार कर लिया गया है। बुधवार को एक प्रेस विज्ञप्ति में दुबई के सरकारी वकील ने इसकी जानकारी दी।

गिरफ्तारी यूएई और नीदरलैंड के अधिकारियों के बीच ज्वाइंट ऑपरेशन की मदद से हुई। यह गिरफ्तारी नीदरलैंड द्वारा जारी रेड कॉर्नर नोटिस के आधार पर की गई। रिपोर्ट के अनुसार, नीदरलैंड अब दुबई पुलिस से क्विंसी प्रॉम्स को उन्हें सौंपने का अनुरोध करेगा। रेड नोटिस दुनिया भर में कानून प्रवर्तन से प्रत्यर्पण, आत्मसमर्पण या इसी तरह की कानूनी कार्रवाई के लिए लंबित किसी व्यक्ति का पता लगाने और उसे अस्थायी रूप से गिरफ्तार करने के लिए जारी किया जाता है।

यह अनुरोध करने वाले देश में न्यायिक अधिकारियों द्वारा जारी गिरफ्तारी वारंट या अदालती आदेश पर आधारित है। किसी व्यक्ति को गिरफ्तार करना है या नहीं, यह तय करने में सदस्य देश अपने स्वयं के कानून लागू करते हैं। पिछले महीने एम्स्टर्डम की अदालत ने कोकीन की एक बड़ी खेप की तस्करी में शामिल होने के लिए प्रॉम्स को उसकी अनुपस्थिति में छह साल जेल की सजा सुनाई थी। हालांकि, डच सरकारी वकील ने नौ साल की सज़ा की मांग की थी।

# अश्विन बने टेस्ट में नंबर-1 गेंदबाज

## बुमराह तीसरे स्थान पर फिसले, बल्लेबाजी में तीन भारतीय टॉप-10 में

**नईदिल्ली, एजेंसी।** अश्विन ने अपनी ही टीम के गेंदबाज जसप्रीत बुमराह को पीछे छोड़कर इस उपलब्धि को हासिल किया है। बुमराह दो स्थान फिसल कर 847 पॉइंट के साथ तीसरे स्थान पर चल गए हैं। ऑस्ट्रेलिया के जोश हेजलवुड 847 अंकों के साथ दूसरे स्थान पर है। अश्विन और बुमराह के अलावा रवींद्र जडेजा (7) भी टॉप-10 में मौजूद हैं।

### रोहित, यशस्वी और विराट टॉप-10 में

वहीं आईसीसी की ओर से बुधवार को जारी ताजा रैंकिंग में तीन भारतीय बल्लेबाज टॉप-10 में पहुंच गए हैं। रोहित (रैंक-6) और यशस्वी (रैंक-8) को इंग्लैंड के खिलाफ धर्मशाला में खेले गए टेस्ट मैच में बेहतर बैटिंग का फायदा रैंकिंग में मिला है। जबकि इंग्लैंड के खिलाफ निजी कारणों की वजह से 5 टेस्ट मैचों की सीरीज से बाहर रहने वाले विराट कोहली (रैंक-9) टॉप टेन में बरकरार हैं।

### अश्विन छठी बार टॉप पर पहुंचे

अश्विन छठी बार आईसीसी टेस्ट बॉलिंग की रिकॉर्ड में टॉप पर पहुंचे हैं। वह पहली बार 2016 में नंबर वन बने थे। इंग्लैंड के खिलाफ पांच टेस्ट मैचों की आखिरी मुकाबले में आर अश्विन ने दोनों पारी में 9 विकेट लिए थे।

उन्होंने पहली इनिंग में 51 रन देकर चार और दूसरी पारी में 77 रन देकर 9 विकेट लेकर भारत की जीत में अहम भूमिका निभाई थी। भारत ने 5 टेस्ट मैचों की सीरीज को 4-1 से जीता था।

### कुलदीप यादव को 15 स्थान का फायदा

वहीं स्पिनर कुलदीप यादव को आईसीसी टेस्ट रैंकिंग में 15 स्थान का फायदा हुआ है। वह 686 अंकों के साथ 16वें स्थान पर पहुंच गए हैं। इंग्लैंड के खिलाफ आखिरी टेस्ट मैच में वह प्ले ऑफ द मैच थे। उन्होंने दोनों पारियों को मिला कर 7 विकेट लिए थे। पहली इनिंग में कुलदीप ने 72 रन देकर 5 और दूसरी पारी में 40 रन देकर 2 विकेट लिए थे।

### रोहित, शुममन और यशस्वी को भी रैंकिंग में फायदा

आईसीसी टेस्ट रैंकिंग में भारतीय कप्तान रोहित शर्मा, ओपनर यशस्वी जायसवाल और शुभमन गिल को भी फायदा पहुंचा है। कप्तान रोहित शर्मा 5 स्थान का छलांग लगाकर छठे स्थान पर पहुंच गए हैं। वहीं शुभमन गिल को 11 स्थान का फायदा हुआ है। वह अपने करियर के सर्वश्रेष्ठ 20वें स्थान पर पहुंच गए हैं।

जबकि प्लेयर ऑफ सीरीज रहे यशस्वी जयसवाल को भी आखिरी टेस्ट में हाफ सेंचुरी जड़ने का फायदा मिला है। वह दो स्थान ऊपर चढ़कर आठवें पर पहुंच गए हैं। जायसवाल के 9 टेस्ट मैचों के बाद 740 अंक हो गए हैं।

क्रिकेट इतिहास में उनके अलावा इतने टेस्ट खेलकर 740 अंक हासिल करने वाले दो ही प्लेयर हैं। ऑस्ट्रेलियाई बैटर सर डॉन ब्रैडमैन के 752 और माइकल हसी के 741 अंक थे।



# भूल भुलैया 3 के लिए 1 करोड़ से कम ली है तृप्ति ने फीस कार्तिक को 35 करोड़



तृप्ति डिमरी को फिल्म एनिमल से काफी सक्सेस मिली है। इस फिल्म के बाद तो उन्हें नेशनल क्रश तक का टैग भी मिला है। अब तो तृप्ति फिल्म भूल भुलैया 3 में भी नजर आने वाली हैं। इस फिल्म में वह कार्तिक आर्यन के साथ नजर आएंगी। ऐसा कहा जा रहा था कि भूल भुलैया 3 के लिए तृप्ति अच्छी खासी फीस ले रही हैं।

उन्होंने अपनी फीस बढ़ा दी हैं। अब जानें क्या सच में तृप्ति ने अपनी फीस डबल कर दी हैं। बॉलीवुड लाइफ की रिपोर्ट के मुताबिक एलिमल के बाद तृप्ति के ना सिर्फ इंस्टाग्राम पर फॉलोअर्स तेजी से बढ़े हैं। इतनी तारीफ और सोशल मीडिया सेंसेशन बनने के बाद तृप्ति ने अपनी फीस डबल कर दी हैं। इसकी एक वजह यह भी है कि वह फिल्म में पूरा किरदार निभा रही हैं ना कि एनिमल की तरह छोटा रोल। रिपोर्ट्स के मुताबिक भूल भुलैया 3 के मेकर्स भी तृप्ति को उनके हिसाब से पैसा देने के लिए तैयार हैं। वहीं कहा जा रहा है कि तृप्ति अभी एक समय में एक ही फिल्म करना चाहती हैं। वह फिलहाल काम को लेकर ज्यादा जल्दबाजी नहीं करना चाहती हैं। रिपोर्ट्स के मुताबित तृप्ति ने संदीप रेड्डी वांगा की फिल्म एनिमल में अपने किरदार के लिए 40 लाख रुपये लिए थे। वहीं अब वह 80 लाख रुपये लेंगी।

वहीं कार्तिक आर्यन की बात करें तो वह 35-50 करोड़ रुपये चार्ज कर रहे हैं। बता दें कि इससे पहले भूल भुलैया 2 की सक्सेस पर फिल्म के प्रोड्यूसर भूषण कुमार ने उन्हें 4.7 करोड़ की लग्जरी गाड़ी गिफ्ट की थी। फिल्म भूल भुलैया 3 की बात करें तो इसमें तृप्ति, कार्तिक के अलावा विद्या बालन और माधुरी दीक्षित लीड रोल में होंगी।

# नॉट फनी-नोरा फतेही, दिव्येंदु और अविनाश तिवारी की मडगांव एक्सप्रेस का नया धमाकेदार गाना हुआ रिलीज़ !

रितेश सिधवानी और फरहान अख्तर की एक्सेल एंटरटेनमेंट तैयार है दर्शकों को एक हंसी से भरी राइड पर मडगाव एक्सप्रेस के साथ लेकर जाने के लिए। यह फिल्म अपने जबरदस्त ट्रेलर और गानों की वजह से दर्शकों के बीच मच अवेटेड फिल्मों में से एक बन गयी है। ऐसे में फिल्म के एक्टर्स भी कोई मौका नहीं छोड़ रहे हैं, अपने फैंस की उत्सुकता को बढ़ाने का और इसी सिलसिले को आगे लेकर जाते हुए एक्टर्स ने फिल्म से क्लिप्स को शेयर किया है। दूसरी तरफ फिल्म के चर्चा में रहने की वजह उसके गानों को मिल रहा प्यार भी है। ऐसे में मेकर्स ने उत्साह के पैमाने को और बढ़ाने के लिए दिल्ली के श्री राम कॉलेज ऑफ़ कॉमर्स में अपना एक और गाना लॉन्च कर दिया है। संगीतकार शारिब और तोशी के म्यूजिकल ब्रिलियंस, शारिब और अकासा सिंह के डायनामिक आवाज़ और कलीम शेख के जबरदस्त लिरिक्स के साथ, ÷नॉट फनी÷ एक सेंसेशन बनने का वादा करता है।

दिल्ली ने एक्सेल एंटरटेनमेंट द्वारा किये गए मडगांव एक्सप्रेस के जोश से भरे जबरदस्त इवेंट को देखा! इस इवेंट में निर्देशक कुणाल खेमू, के अलावा लीड कास्ट प्रतीक गांधी, दिव्येंदु, नोरा फतेही और अविनाश तिवारी को देखा गया, इस दौरान फैंस संग मीडिया को देखा गया। सभी को इवेंट में नॉट फनी की जादू को अनुभव करने के लिए उत्साहित देखा गया। दिल्ली में अयोजित ये इवेंट को ग्रैंड तरीके से किया गया था, जिसमें फिल्म और उसके म्यूजिकल ऑफरिंग का सभी द्वारा लुत्फ़ उठाते देखा गया। नॉट फनी फिल्म मडगाव एक्सप्रेस की सार को समेटे हुए है, जो उसके फ्रेश कहानी और दिलचस्प किरदारों की एक झलक पेश करता है। दिल को छूने वाले रिथम और सुरीली धुन के साथ, यह गाना म्यूजिक लवर्स के लिए सही टोन सेट करता है, साथ ही यह फिल्म की यात्रा पर भी लेकर जाता है, जो एक यादगार सिनेमा देखने के एक्सपीरियंस की शुरुआत है। शारिब और तोशी, शारिब और अकासा सिंह के बीच सहयोग, कलीम शेख के दमदार लिरिक्स के साथ, यह कम्पोजीशन इमोशन को गहराई के तक छूता है। नोरा फतेही, दिव्येंदु और अविनाश तिवारी की ऑन-स्क्रीन केमिस्ट्री गाने में एक एडिशनल चार्म लाती है, जो सीन्स को और भी खास बनाती है।

÷बचपन के सपने... लग गए अपने,÷ इस टैगलाइन के साथ, %मडगांव एक्सप्रेस% को रितेश सिधवानी और फरहान अख्तर के एक्सेल एंटरटेनमेंट के बैनर तले बनाया गया है। वहीं, कुणाल खेमू द्वारा लिखित और निर्देशित यह फिल्म 22 मार्च, 2024 को सिनेमाघरों में रिलीज होने के लिए पूरी तरह से तैयार है।

## मुझे ईमानदार, वफादार

# जीवनसाथी की तलाश है कृति सेनन


बॉलीवुड में नेहा धूपिया अपनी बेबाकी के लिए मशहूर हैं। नेहा का वही बेबाक अंदाज उनके चैट शो में भी देखने मिलता है। नो फिल्टर नेहा के अगले एपिसोड में बॉलीवुड की खूबसूरत अभिनेत्री कृति सेनन बतौर मेहमान दिखाई देने वाली हैं। नेहा धूपिया इन दिनों अपने शो नो फिल्टर नेहा की वजह से सुर्खियां बटोर रही हैं। यह शो अपने पिछले सीजन से काफी अलग और बेहतर है। नो फिल्टर नेहा के इस सीजन में अभी तक शाहिद कपूर, टाइगर श्रॉफ और करीना कपूर खान बतौर मेहमान आ चुके हैं। वहीं शो के आगामी एपिसोड में कृति सेनन अपनी निजी जिंदगी के बारे में से नेहा बातें करती नजर आएंगी। सोशल मीडिया पर नेहा और कृति के इस एपिसोड का प्रोमो काफी वायरल हो रहा है।



बॉलीवुड में नेहा धूपिया अपनी बेबाकी के लिए मशहूर हैं। नेहा का वही बेबाक अंदाज उनके चैट शो में भी देखने मिलता है। नो फिल्टर नेहा के अगले एपिसोड में बॉलीवुड की खूबसूरत अभिनेत्री कृति सेनन बतौर मेहमान दिखाई देने वाली हैं। यूट्यूब पर जारी किए गए शो के प्रोमो में नेहा कृति से पूछती हैं कि उन्हें कैसे जीवनसाथी की तलाश है। इस सवाल के जवाब में कृति कहती हैं, सच कहूं तो मुझे डेटिंग ऐप्स पर बिल्कुल भी भरोसा नहीं है। मैंने अपने आस-पास के लोगों को बता रखा है कि मुझे एक जीवन साथी की तलाश है और उसे ढूंढने में वे मेरी मदद करें।

## संक्षिप्त समाचार

### दिल्ली-एनसीआर में गर्मी होने वाली है शुरू



**नईदिल्ली, एजेंसी।** राजधानी दिल्ली के कई इलाकों में बुधवार शाम तेज हवा के साथ हल्की बूंदाबांदी हुई। यह बारिश पश्चिमी विक्षोभ की वजह से हुई। हालांकि, इसका खास असर तापमान पर नहीं पड़ा है। दिल्ली की मानक वेधशाला सफदरजंग में दिन का अधिकतम तापमान सामान्य से तीन डिग्री ज्यादा 31.4 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। मंगलवार को अधिकतम तापमान 30.9 डिग्री था। इसके साथ ही, दिल्ली का अधिकतम तापमान लगातार तीसरे दिन 30 डिग्री सेल्सियस या उससे ऊपर रहा, जो आने वाले दिनों में भीषण गर्मी के अहसास का संकेत है। वहीं न्यूनतम तापमान 13 डिग्री सेल्सियस रहा, जो सामान्य से दो डिग्री कम और मंगलवार के 14.2 डिग्री सेल्सियस से लगभग एक डिग्री कम था। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के अनुसार, दिल्ली के ज्यादातर हिस्सों में दिन चढ़ने के साथ ही तेज धूप रही। तीन बजे के बाद मौसम में बदलाव देखने को मिला और इसके बाद हल्के बादलों की आवाजाही शुरू हो गई। आईएमडी ने गुरुवार को अमूमन आसमान साफ रहने और 25 से 35 किलोमीटर प्रतिघंटा की रफ्तार से हवाएं चलने का अनुमान जताया है। आईएमडी के एक अधिकारी ने कहा, शुक्रवार को आसमान मुख्य रूप से साफ रहेगा, साथ ही 25 से 35 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से सतही हवाएं चलेंगी। अगले तीन दिनों तक अधिकतम तापमान 29 या 30 डिग्री सेल्सियस के बीच रहने का अनुमान है जबकि न्यूनतम तापमान 13 से 15 डिग्री सेल्सियस के बीच रहने की उम्मीद है। बुधवार को सफदरजंग, में सुबह 8.30 बजे से शाम 5.30 बजे के बीच हल्की बूंदाबांदी हुई। पालम, लोधी रोड, रिज और आयानगर सहित अन्य मौसम केंद्रों में भी हल्की बारिश दर्ज की गई, जबकि एसपीएस मयूर विहार में 0.5 मिमी बारिश दर्ज की गई। इसी दौरान, नोएडा और गुरुग्राम जैसे एनसीआर क्षेत्रों में क्रमशः 2 मिमी और 2.5 मिमी बारिश दर्ज की गई। मौसम विभाग के अधिकारियों ने कहा, दिल्ली के अलग-अलग स्थानों में हल्की से मध्यम बारिश और 30 से 40 किमी प्रतिघंटे की रफ्तार से तेज हवाएं दर्ज की गईं। पिछले 24 घंटों में शहर की आर्द्रता 26त्न से 91त्न के बीच रही।

### केरल सरकार ने केंद्र के 5000 करोड़ के ऋण प्रस्ताव को किया अस्वीकार



**नईदिल्ली, एजेंसी।** केंद्र सरकार ने बुधवार को सुप्रीम कोर्ट में कहा कि वह वित्तीय मुद्दों का सामना कर रहे केरल सरकार को बेहद खास और असाधारण उपाय के तौर पर कुछ शर्तों के साथ 5,000 करोड़ रुपये का कर्ज लेने की अनुमति देने को तैयार है। लेकिन केरल सरकार ने 5,000 करोड़ रुपये का कर्ज लेने की छूट को अपर्याप्त बताते हुए कहा कि उसे कम से कम 10,000 करोड़ रुपये की जरूरत है। जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस केवी विश्वनाथन की पीठ के समक्ष सुनवाई के दौरान केंद्र सरकार ने यह छूट देने का प्रस्ताव रखा। शीर्ष कोर्ट ने केंद्र सरकार से संसाधनों की कमी से निपटने के लिए केरल को 31 मार्च तक एकमुश्त राहत पैकेज देने पर विचार करने के लिए कहा था। केंद्र सरकार ने केरल को बाजार से उधारी जुटाने पर रोक लगा दी है। इस फैसले को केरल सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी हुई है।केंद्र की ओर से पेश अतिरिक्त सालिसिटर जनरल एन. वेंकटरमण ने कहा, न्यायालय के सुझाव पर गौर करते हुए केंद्र एक बहुत ही विशेष और असाधारण उपाय के रूप में केरल को वित्त वर्ष के अंत में पेंशन, वेतन और अन्य प्रतिबद्ध खर्चों के भुगतान की देनदारी को पूरा करने के लिए 5,000 करोड़ रुपये की उधारी को शर्तों के अधीन सहमति देने को तैयार है।

# दिल्ली मेट्रो के 20 किमी लंबे रूट पर बनेंगे 18 स्टेशन, एनसीआर की कई कॉलोनियों तक मेट्रो की पहुंच होगी आसान



**नईदिल्ली, एजेंसी।** आखिरकार लंबे इंतजार के बाद लोकसभा चुनाव से ठीक पहले बुधवार को दिल्लीवालों को दो नए मेट्रो कॉरिडोर की सौगात मिली। केंद्र सरकार ने फेज चार के इंद्रलोक से इंद्रप्रस्थ और लाजपत नगर से साकेत जी ब्लॉक कॉरिडोर को मंजूरी दे दी। इससे मेट्रो घनी आबादी वाली कॉलोनियों तक पहुंचेगी, जिससे लाखों लोगों को फायदा होगा। 20 किलोमीटर के इस कॉरिडोर के निर्माण से पश्चिमी दिल्ली से नई दिल्ली और दक्षिणी दिल्ली के कई कॉलोनियों की मेट्रो से सीधे कनेक्टविटी बढ़ेगी। यहां कुल 18 स्टेशन होंगे। इसे बनाने में कुल 8399 करोड़ रुपये की लागत आएगी। अब सिर्फ नरेला-रिठाला से कुंडली तक जाने वाले कॉरिडोर की मंजूरी बची हुई है। फेज चार में कुल छह कॉरिडोर में 112 किलोमीटर का निर्माण होना है। तीन कॉरिडोर मजलिस पार्क से मौजपुर, जनकपुरी पश्चिम से आरके आश्रम और दिल्ली एयरोसिटी से तुगलकाबाद के 65.20 किलोमीटर नेटवर्क को पहले ही मंजूरी मिल चुकी है। इनका करीब 44 फीसदी निर्माण कार्य भी पूरा हो चुका है। इसमें करीब तीन किलोमीटर के एक सेक्शन की शुरुआत जुलाई में होने की संभावना है। केंद्र सरकार ने बचे हुए तीन में से 2 कॉरिडोर को मंजूरी दी है। इंद्रप्रस्थ से इंद्रलोक बेहद अहम कॉरिडोर है। यह मौजूदा ग्रीन लाइन (बहादुरगढ़ से इंद्रलोक/कीर्ति नगर) की विस्तार लाइन है। 12 किलोमीटर के इस कॉरिडोर पर 10 मेट्रो स्टेशन होंगे। इसके बनने से पश्चिमी दिल्ली से नई दिल्ली के इलाके जैसे दिल्ली गेट, नई दिल्ली रेलवे स्टेशन, एलएनजेपी अस्पताल की दूरी कम होगी। ऐसे फायदा मिलेगा : वर्तमान में अगर कोई ग्रीन लाइन के जरिये पीरागढ़ी से नई दिल्ली रेलवे स्टेशन आना चाहता है तो पहले उसे कीर्ति नगर आना पड़ेगा। वहां से वाया ब्लू लाइन मेट्रो से राजीव चौक आना पड़ेगा। फिर मेट्रो बदलकर येलो लाइन (गुरुग्राम से समयपुर बादली) पर सफर करके नई दिल्ली पहुंचना होगा। मगर, इंद्रलोक से इंद्रप्रस्थ कॉरिडोर बनने के बाद वह पीरागढ़ी से सीधे नई दिल्ली तक सफर कर सकता है। इससे उसके समय की बचत होगी। इसी तरह सदर बाजार में शॉपिंग करने वालों के अलावा सराय रोहिल्ला रेलवे स्टेशन से भी कनेक्टविटी बढ़ेगी। वह दिल्ली सचिवालय भी पहुंच सकते हैं। दक्षिणी दिल्ली में मेट्रो का बड़ा नेटवर्क है। दिल्ली की सभी अहम लाइन दक्षिणी दिल्ली के किसी न किसी इलाके से होकर निकलती हैं। इसके बाद भी एंड्रयूज गंज, जीके 1, पुष्पा भवन, साकेत डिस्ट्रिक्ट सेंटर, पुष्प विहार और साकेत जी ब्लॉक की कई कॉलोनियां सीधे मेट्रो नेटवर्क से नहीं जुड़ी थी। मेट्रो के किसी भी लाइन येलो, मजेंटा या फिर भविष्य में बनने वाली सिल्वर लाइन तक पहुंचने के लिए लंबा सफर करना पड़ता था। मगर, इस कॉरिडोर के बनने से ये इलाके भी सीधे मेट्रो नेटवर्क की जद में होंगे। यह कॉरिडोर वर्तमान में वायलेट लाइन (कश्मीरी गेट से फरीदाबाद कॉरिडोर ) का विस्तार लाइन होगी। आठ किलोमीटर की दूरी पर कुल 8 मेट्रो स्टेशन होंगे। दिल्ली मेट्रो रेल कॉरपोरेशन (डीएमआरसी) के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि इन दोनों लाइनों पर काम जल्द से जल्द शुरू करने के लिए प्री-बिड एक्टिविटीज और टेंडर डॉक्यूमेंट्स तैयार करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। इसके तहत मेट्रो लाइन के रास्ते में आने वाली पाइपलाइन और वायरिंग आदि को शिफ्ट करने के लिए जरूरी सर्वेक्षण होगा।

## दिल्ली की नौकरशाही में बड़ा फेरबदल, लोकसभा चुनाव के ऐलान से पहले कई आईएएस अफसर इधर-उधर

**नईदिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली में लोकसभा चुनाव 2024 की घोषणा से पहले बड़ा प्रशासनिक फेरबदल किया गया है। दिल्ली सरकार ने भारतीय प्रशासिनक सेवा (आईएएस) के कई सीनियर अफसरों के ट्रांसफर-पोस्टिंग के आदेश जारी कर नौकरशाही में बड़ा फेरबदल किया।

एक वरिष्ठ सरकारी अधिकारी ने बताया कि इन नियुक्तियों को मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की अध्यक्षता वाले राष्ट्रीय राजधानी सिविल सेवा प्राधिकरण (एनसीसीएसए) द्वारा मंजूरी दी गई है। आदेश के अनुसार, 1993 बैच के अरुणाचल प्रदेश, गोवा, मिजोरम और केंद्र शासित प्रदेश (एजीएमयूटी) कैडर के अधिकारी प्रशांत गोयल को प्रिंसिपल सेक्रेटरी-कम-कमिश्नर (ट्रांसपोर्ट) नियुक्त किया गया है। इस विभाग का अतिरिक्त प्रभार संभाल रहीं निहारिका राय को रिलीव कर दिया गया है। इसके अनुसार, 1994 बैच के आईएएस अधिकारी नवीन कुमार चौधरी को तीन सरकारी विभागों का चार्ज दिया गया है। उन्हें प्रिंसिपल सेक्रेटरी (सिंचाई एवं बाढ़ नियंत्रण) के रूप में नियुक्त किया गया है और उनके पास प्रमुख सचिव (सामान्य प्रशासन) सहित दो अतिरिक्त प्रभार भी होंगे। इसके अलावा, 2011 बैच की आईएएस अधिकारी मिताली नामचूम निदेशक (महिला एवं बाल विकास) का कार्यभार संभालेंगी। वह 2010-बैच के अधिकारी कृष्ण कुमार की जगह लेंगी। कृष्ण कुमार को प्रिंसिपल सेक्रेटरी (लोक निर्माण विभाग) नियुक्त किया गया है। पंकज कुमार दो अतिरिक्त प्रभार के साथ प्रिंसिपल सेक्रेटरी (लोक निर्माण विभाग) का प्रभार संभाल रहे थे। उनके पास उपायुक्त (मुख्यालय) समेत अन्य प्रभार रहेंगे।

# दिल्ली में आग लगने से दर्दनाक हादसा, 2 बच्चों समेत 4 की मौत; 5 अस्पताल में भर्ती




**नईदिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली के शाहदरा के शास्त्री नगर इलाके में गुरुवार तड़के एक रिहायशी इमारत में भीषण आग लगने के चलते दम घुटने से 2 बच्चियों और एक विवाहित जोड़े सहित 4 लोगों मौत हो गई। वहीं, 5 अन्य लोगों का अभी इलाज चल रहा है। आग लगने का कारण अभी पता नहीं चल सका है। जानकारी के अनुसार, गुरुवार सुबह करीब 5:22 बजे गीता कॉलोनी में शास्त्री नगर, सरोजनी पार्क गली नंबर 13 के मकान संख्या 65 में भीषण आग लगने की सूचना प्राप्त हुई थी। इसके बाद स्थानीय पुलिस दमकल की 4 गाड़ियों, एम्बुलेंस और 3 पीसीआर वैन के साथ घटनास्थल पर पहुंची। पुलिस और दमकल कर्मियों द्वारा इमारत के अंदर फंसे दो बच्चों समेत नौ लोगों को उसमें से निकालकर पास के हेडगेवार अस्पताल भेजा गया। इलाज के दौरान 2 बच्चियों सहित 4 लोगों की मौत हो गई।

पुलिस ने बताया कि जिस इमारत में आग लगी, उसमें चार मंजिल हैं और ग्राउंड फ्लोर पर कार पार्किंग है। आग पार्किंग स्थल से शुरू हुई और धुआं पूरी इमारत में फैल गया। गली संकरी होने के बावजूद अग्निशमन अधिकारी मौके पर पहुंचने और आग पर काबू पाने में कामयाब रहे। सभी मंजिलों की तलाशी ली गई। तीन पुरुषों, चार महिलाओं और दो बच्चों को वहां से निकालकर हेडगेवार अस्पताल भेजा गया। मृतकों की पहचान मनोज (30), उनकी पत्नी सुमन (28) और पांच और तीन साल की दो लड़कियों के रूप में की गई है। लड़कियों के पिता का नाम राकेश बताया जा रहा है। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया, ''हमें सुबह 5:20 बजे गीता कॉलोनी के पास शास्त्री नगर की एक रिहायशी इमारत में भीषण आग लगने की सूचना मिली। हमने तुरंत दिल्ली फायर सर्विस को सूचित किया। पुलिस की एक टीम, दमकल की 4 गाड़ियां, एम्बुलेंस और पीसीआर वैन को घटनास्थल पर भेजा गया।''

## देश में दंगे हो जाएंगे; सीएए पर आम आदमी पार्टी ने दिखा दिया एक और डर

**नईदिल्ली, एजेंसी।** संशोधित नागरिकता कानून (सीएए) का आम आदमी पार्टी (आप) आक्रामक तरीके से विरोध कर रही है। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने जहां दावा किया कि पाकिस्तान, बांग्लादेश और अफगानिस्तान से लोगों के आने पर देश में चोरी और रेप जैसी वारदातें बढ़ जाएंगी तो अब उनकी पार्टी ने एक और डर बता दिया है। आम आदमी पार्टी की प्रवक्ता प्रियंका कक्कड़ ने कहा है कि देश में दंगे भी भड़क सकते हैं।

प्रियंका कक्कड़ ने एएनआई से बातचीत करते हुए देश में सौहार्द बिगड़ने और दंगे होने का डर जाहिर किया। उन्होंने केजरीवाल की उस बात को भी दोहराया जिसमें उन्होंने चोरियां और रेप बढ़ने की आशंका जाहिर की थी। आप की राष्ट्रीय प्रवक्ता ने कहा, पाकिस्तान, अफगानिस्तान और बांग्लादेश से लाकर लोगों को बसाया जाएगा हमारे देश में। उनको कहां बसाया जाएगा। आप खुद ही सोचिए, आपके घर के सामने झुग्गी में एक पाकिस्तानी हो तो आपकी बेटी और आप सुरक्षित महसूस करेंगे? भाजपा लेती है कानून व्यवस्था की गारंटी। यहां पर दंगे होंगे, सौहार्द बिगड़ेगा, चोरियां, डकैतियां बढ़ेंगी, क्या यह करना चाहती है भाजपा?

कक्कड़ ने पूछा कि क्या हमारे मुद्दे खत्म हो गए, क्या देश में महंगाई खत्म हो गई, बेरोजगारी, गरीबी खत्म हो गई, जो ये और देशों के गरीब यहां लाकर बसाना चाहते हैं। हमारे देस के 11 लाख अमीर देश छोड़कर चले गए जो रोजगार देते थे। मोदी जी को उनको वापस लाना चाहिए ना कि सारे देश के गरीब लोगों को बसाकर हमारे संसाधनों में हिस्सा देना चाहिए। उन्होंने आगे कहा कि भाजपा इकलौती सरकार है जो कह रही है कि अवैध घुसपैठ को लीगल करना चाहिए। प्रियंका ने कहा कि सबको नागरिकता देने की वजह से कनाडा में कानून व्यवस्था बिगड़ गई।

## मजदूरी के लिए दोस्तों संग नहीं जाना था लेह, टीनेजर ने बाथरूम जाने का बहाना बनाया और गायब हो गया

**नईदिल्ली, एजेंसी।** खुद के अपहरण की झूठी कहानी रचकर एक युवक ने फिरौती मांग ली, लेकिन नई दिल्ली रेलवे पुलिस ने मंगलवार को युवक को बरामद किया तो कहानी सामने आ गई। युवक लेह नहीं जाना चाहता था, जिससे बचने के लिए उसने यह कहानी रच डाली। डीसीपी केपीएस मल्होत्रा ने बताया कि मंगलवार को विमलेश शाह नाम के युवक ने नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर शिकायत दी थी। विमलेश ने बताया कि वह अपने दोस्तों गोलू और सूरज के साथ सोमवार को सप्तक्रांति एक्सप्रेस से दिल्ली आया था।

## दक्षिण कोरिया ने उत्तर कोरिया की सीमा के पास अमेरिका के साथ किया सैन्य अभ्यास



**सियोल, एजेंसी।** दक्षिण कोरिया ने गुरुवार को अंतर-कोरियाई सीमा के पास अमेरिका के साथ लाइव-फायर टैंक अभ्यास किया। इसी के साथ दक्षिण कोरिया व अमेरिका का संयुक्त सैन्य अभ्यास समाप्त हो गया। समाचार एजेंसी योनहाप ने बताया कि उत्तर कोरिया के परमाणु और मिसाइल खतरों को ध्यान में रखते हुए दक्षिण कोरिया व अमेरिका की सेना ने संयुक्त रूप से अंतर-कोरियाई सीमा से 25 किमी दक्षिण में, पोचेन में सेउंगजिन फायर ट्रेनिंग फील्ड में एक सप्ताह का प्रशिक्षण अभ्यास किया। अभ्यास में लगभग 300 सैनिकों ने भाग लिया। इसमें सेना के के1ए2 टैंक और के21 बख्तरबंद वाहन व एम1150 वाहन शामिल हुए। बख्तरबंद वाहनों ने दुश्मन के ठिकानों पर गोलाबारी की। उत्तर कोरिया लंबे समय से इस तरह के संयुक्त अभ्यासों को उसके खिलाफ आक्रमण का पूर्वाभ्यास बताता रहा है।

# भारत से रिश्तों पर चीन बोला- आपसी भरोसे की जरूरत

### भारत के साथ हमारे रिश्ते मजबूत, सीमा विवाद से इन पर असर नहीं



**बीजिंग एजेंसी।** चीन का कहना है कि भारत के साथ सीमा विवाद दोनों देशों के द्विपक्षीय संबंधों का प्रतिनिधित्व नहीं करता।

हाल ही में विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा था- भारत-चीन के संबंध तक तक नॉर्मल नहीं हो सकते जब तक सीमा विवाद हल नहीं हो जाता।

इस पर चीन के विदेश मंत्रालय के स्पोक्स पर्सन वांग वेनबिन ने कहा- भारत-चीन सीम विवाद दोनों देशों के बायलैटरल रिलेशन्स का प्रतिनिधित्व नहीं करता। हमें एक-दूसरे पर भरोसा करने की जरूरत है। इससे हमारे बीच गलतफहमी दूर होगी और हमारे रिश्ते मजबूत होंगे। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने चीन पर बॉर्डर पर खूनखराबा और लिखित समझौतों का उल्लंघन करने के आरोप लगाए। जापान की राजधानी टोक्यो में हुई रायसीना राउंडटेबल में बोलते हुए जयशंकर ने कहा था- 1975 से 2020 तक बॉर्डर पर शांति थी। 2020 (गलवान झड़प) में सब बदल गया। हम (भारत-चीन) कई मुद्दों पर सहमत नहीं हैं। जब पड़ोसी लिखित समझौतों का उल्लंघन करे तो ये चिंता की बात है। इससे दोनों के रिश्तों की स्थिरता पर सवाल खड़े होते हैं।

24 जुलाई को भारत के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहाकार अजीत डोभाल दक्षिण अफ्रीका के जोहान्सबर्ग में ब्रिक्स सम्मेलन में शामिल होने पहुंचे थे। बैठक के दौरान एनएसए डोभाल ने कहा था कि भारत-चीन के बीच 2020 में सीमा विवाद के बाद रणनीतिक विश्वास खत्म हो गया है। इस दौरान चीन के विदेश मंत्री वांग यी भी मौजूद थे।

साल 2020, अप्रैल-मई में चीन ने ईस्टर्न लद्दाख के सीमावर्ती इलाकों में एक्सरसाइज के बहाने सैनिकों को जमा किया था। इसके बाद कई जगह पर घुसपैठ की घटनाएं हुई थीं। भारत सरकार ने भी इस इलाके में चीन के बराबर संख्या में सैनिक तैनात कर दिए थे।

# आतंकी फरहतुल्लाह गोरी का भारत के खिलाफ जंग का ऐलान

**इस्लामाबाद, एजेंसी।** पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई ने 2002 में गुजरात के अक्षरधाम मंदिर पर हुए आतंकी हमले के मास्टरमाइंड फरहतुल्लाह गोरी का एक वीडियो रिलीज किया है। इसमें आतंकी भारत के खिलाफ जंग की घोषणा कर रहा है। गोरी लश्कर-ए-तैयबा और जैश-ए-मोहम्मद जैसे आतंकी संगठनों से जुड़ा है।

खुफिया मामलों के विशेषज्ञों के मुताबिक, गोरी के वीडियो के जरिए आईएसआई भारत में लोकसभा चुनावों से ठीक पहले सांप्रदायिक एकता को नुकसान पहुंचाना है। खुफिया अधिकारियों के मुताबिक गोरी के सामने आने के बाद अब पाकिस्तान यह दावा कर सकता है कि आतंकी एक भगोड़ा भारतीय है जो पाकिस्तान में मौजूद नहीं है।

पिछले साल दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने बताया था कि उन्होंने इस्लामिक स्टेट के जिस टेरर मॉड्यूल का भंडाफोड़ किया, वो फरहतुल्लाह गोरी ही चला रहा था। वो इसमें ड्रग्स के आतंकी भर्ती करने का काम करता था।

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, गोरी और उसकी टीम न केवल ड्रग्स के नाम पर युवाओं का ब्रेनवॉश करती है, बल्कि उन्हें लुभाने के लिए जैश-ए-मोहम्मद और अल-कायदा के सोशल मीडिया पेज भी बनाती है। एक एंटी-टेरर पुलिसकर्मी ने मीडिया को बताया कि गोरी एक आतंकी फाइनेंसर के रूप में भी काम करता है और भारत में मुस्लिम युवाओं को देश के खिलाफ विद्रोह करने के लिए भड़काता है।

इसके लिए वो फेसबुक, टेलीग्राम और यूट्यूब अकाउंट्स के एक नेटवर्क का इस्तेमाल करता है। दरअसल, आतंकी फरहतुल्लाह गोरी कई सालों से गायब चल रहा था। साल 2019 में टेलीग्राम और दूसरे सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर उसके कुछ वीडियो और मैसेज सामने आए। इसमें वो युवकों का ब्रेनवॉश करने के लिए मैसेज शेयर कर रहा था। इनमें वो अबू सूफियान और सरदार नाम से जाना जाता है। फरहतुल्लाह दिल्ली, गुजरात और हैदराबाद की पुलिस की वॉन्टेड लिस्ट में शामिल है। गोरी ने हैदराबाद में स्ज्ञस्न के दफ्तर पर फिदायीन हमले के अलावा हैदराबाद में ऋस्स्र दफ्तर समेत कई नेताओं पर आतंकी हमले करवाए थे। मीडिया रिपोर्टस के मुताबिक वो इस समय पाकिस्तान में मौजूद है। भारत के गृह मंत्रालय ने साल 2020 में गोरी को आतंकवादी घोषित कर दिया था। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक वह लाहौर में रहकर अपना नेटवर्क ऑपरेट कर रहा था। इस दौरान अमेरिका और इंटरपोल भी उस तक नहीं पहुंच सका।



पिछले 2 सालों में भारत की खुफिया एजेंसियों गोरी से जुड़े कई फेसबुक और टेलीग्राम अकाउंट्स ब्लॉक कर चुकी हैं। इस दौरान तेलंगाना काउंटर-इंटेलिजेंस यूनिट ने भी आतंकी के खिलाफ अपनी धरपकड़ तेज कर दी थी। 24 सितंबर 2002 को कुछ आतंकी गुजरात के गांधीनगर में अक्षरधाम मंदिर में घुस गए थे। आतंकियों ने आटोमैटिक वेपंस और हैंड ग्रेनेड के इस्तेमाल के साथ ही एक फिदायीन हमला भी किया था। हमले में कुल 32 लोग मारे गए थे, जबकि 79 लोग घायल हुए थे। जिस वक्त हमला हुआ, उस वक्त मंदिर में करीब 600 लोग मौजूद थे। इस आतंकी हमले में 3 कमांडो और स्टेट रिजर्व पुलिस का एक कॉन्स्टेबल भी शहीद हुआ था।

## पूर्व प्रधानमंत्री जुल्फिकार अली भुट्टो की मौत की सजा को पलटने की मांग, संसद में प्रस्ताव पारित

**इस्लामाबाद, एजेंसी।** पाकिस्तान की संसद ने बुधवार को एक प्रस्ताव पारित किया। जिसमें पीपीपी के संस्थापक जुल्फिकार अली भुट्टो को दी गई मौत की सजा को पलटने की मांग की गई। यह प्रस्ताव ऐसे समय में पारित किया गया है, जब कुछ दिन पहले शीर्ष अदालत ने कहा था कि पूर्व प्रधानमंत्री की निष्पक्ष सुनवाई नहीं हुई और इस बहुचर्चित मामले की समीक्षा नहीं की गई।

लाहौर उच्च न्यायालय ने 18 मार्च 1978 को पीपीपी के संस्थापकों में से एक अहमद रजा कसूरी की हत्या का आदेश देने के लिए भुट्टो को सजा सुनाई थी। जियो न्यूज ने खबर के मुताबिक, पीपीपी की शाजिया मर्री ने नेशनल असेंबली में प्रस्ताव पेश किया। प्रस्ताव में भुट्टो के खिलाफ मुकदमे और दोष सिद्धि को न्याय की हत्या के रूप में मान्यता दी गई। इसमें बेगम नुसरत साहिबा, बेनजीर भुट्टो और पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी (पीपीपी) के उन कार्यकर्ताओं के संघर्ष को याद किया गया है, जिन्होंने इस सच्चाई को स्थापित करने के लिए अपनी जान गंवाई।

स्वामी प्रकाशक एवं मुद्रकः- देवेन्द्र मालवीय द्वारा श्री सिंध्दी विनायक प्रिंटर्स 26 बी देशबंधु परिसर प्रेस काम्प्लेक्स झोन 1 एम पी नगर भोपाल म.प्र. से मुद्रित एवं 773 / 19 मेघदूत नगर इंदौर म.प्र. से प्रकाशित सम्पादक डॉ. देवेन्द्र मालवीय
कार्यालय पताः- 435 ऑर्बिट मॉल विजय नगर, इंदौर मध्यप्रदेश मोः- 98276-22204 सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र इंदौर रहेगा।

दैनिक समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त सूचनाए, विचार,आलेख विभिन्न समाचार के स्त्रोत एवं संकलन लेखकों के व संकलनकर्ता के स्वंय जिनका संकलन विभिन्न एजेंसियों, के माध्यम से किया गया है, अतः समस्त प्रकार के प्रकाशन हेतु संपादक, प्रकाशक, मुद्रक का प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से सहमत होना अनिवार्य नही है।